RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 322 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 17 सितंबर 2023

पेज -4 पर छूटे हुए सभी नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवाएं-कलेक्टर

अधिवक्ता राजासिंह एवं देवेंद्र मिश्रा ने थामा कांग्रेस का दामन पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## कांग्रेस बोली- मुख्यमंत्री ने राम के काज किए, पीएम और केंद्रीय मंत्री पद की मर्यादा भूले, झूठ बोलने आते हैं

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जेपी नड्डा, गोवा के मुख्यमंत्री बीते दो दिनों में दर्जनों राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ आए। भाजपा से ताल्लुक रखने वाले इन नेताओं ने कांग्रेस को जमकर घेरा। जवाब में शनिवार को कांग्रेस नेताओं ने प्रेस से मुखातिब होकर जवाब दिए।

कांग्रेस नेताओं में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय ठाकुर ने कहा- भाजपा की केंद्र सरकार ने पहले ईडी, आईटी भेजकर कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने का काम किया, गलत कार्यवाही से जनता में मोदी सरकार खुद बदनाम हो गयी तो अब प्रधानमंत्री से लेकर केन्द्रीय मंत्री बिना किसी पद की मर्यादा का ख्याल रखे झूठ पर झूठ बोल रहे है। पहले केन्द्रीय मंत्री आते है, झूठ बोलते है, गलत आरोप लगाते है, बिना किसी ठोस प्रमाण के आधारहीन बाते किये, उसके बाद प्रधानमंत्री आये राज्य सरकार पर झूठा आरोप तो लगाया ही छत्तीसगढ़ में जी-20 के सम्मेलन पर भी सफेद झूठ बोलकर गये।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आये झूठ बोले, उसके बाद अचानक केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल आते है वे प्रेस कांफ्रेंस करके सफेद झूठ बोलते है राज्य के राशन वितरण और चावल खरीदी पर झूठ बोलकर जाते है। उसके बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत आते है वे भी बेसिर पैर की तथ्यहीन बाते करके गये।

### कांग्रेस बोली सबसे बड़े सनातनी सीएम बघेल

कांग्रेस नेताओं ने कहा- नरेन्द्र मोदी, प्रमोद सांवत, नड्डा तीनों ही सनातन धर्म के बारे में भी भाषणबाजी करके गये। कांग्रेस सनातन की शिक्षा देने के बजाय भाजपा आत्म अवलोकन करें गोवा में प्रमोद सांवत की सरकार में तीन-तीन मंदिर तोड़े गये पूरे गोवा में विरोध हुआ, उस पर मोदी-सांवत जवाब दें।


कांग्रेस के नेता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बड़ा सनातनी कौन हो सकता है? 15 साल तक जिन माता कौशल्या, भगवान राम को भुला दिया उन माता कौशल्या के मंदिर का जीर्णोद्धार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। भगवान राम वन गमन पथ को बनाने का काम भूपेश सरकार ने किया है। राम वन गमन पथ पांच स्थानों पर भगवान राम की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ के सभी नगर निकायों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण कुंज बनाया है। राम और कृष्ण के काम को करने वाली कांगेस सरकार को भाजपाई सनातन की शिक्षा न दें तो बेहतर है।

### पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्री पद की मर्यादा को गिराया

*पीयूष गोयल ने राज्य सरकार पर धान/चावल की खरीदी एवं वितरण में गड़बड़ियों के जो आरोप लगाये गये हैं, वे निहायत गैर जिम्मेदाराना है। केन्द्रीय मंत्री से यह अपेक्षा की जाती है कि वे तथ्य परक एवं गंभीर बात करेंगे। लेकिन पीयूष गोयल के आरोप देखकर लगता है कि जैसे भाजपा का कोई मोहल्ला छाप नेता अनर्गल बातें कर रहा है।*

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। विश्वकर्मा पूजा की पूर्व संध्या पर राज्य के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई देते हुए श्री बघेल ने कहा है कि श्रमवीर नये छत्तीसगढ़ को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा भी उन्हें दी गई है। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

### एक करोड़ का ईनामी नक्सली गिरफ्तार



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में पुलिस ने एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली को गिरफतार किया है। पकड़े गए नक्सली का नाम संजय दीपक राव उर्फ विजय है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य है। बताया जा रहा है कि, यह नवसली आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल समेत साउथ के इलाकों में सक्रिय था। लेकिन छत्तीसगढ़ के बस्तर में घटी कई बड़ी नक्सली वारदातों का भी मास्टरमाइंड रहा है। इससे पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, नक्सली संजय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आया था। इसकी भरनक पुलिस की लगी जहां दबिश देकर नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया।

## हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, 3 प्रस्ताव हुए पारित

### छत्तीसगढ़ से सीएम भूपेश बघेल भी हुए शामिल

रायपुर ए.। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैदराबाद दौरे पर हैं। जहां कांग्रेस कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में वे शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के सीनियर लीडर्स राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की।



### हम योजना बनाएंगे

*बैठक से पहले मीडिया को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह पहली सीडब्ल्यूसी बैठक है। विस्तारित कार्यसमिति की बैठक भी होगी, जिसमें पार्टी से जुड़ी चर्चाएं की जाएंगी। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। सभी पांच राज्यों में होने वाले चुनावों को लेकर चर्चा करेंगे और उसके मुताबिक योजना बनाएंगे।*

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित हुए हैं। इनमें तीनों शोक प्रस्ताव हैं। पहला प्रस्ताव- केरल के पूर्व सीएम श्री ओमान चांडी जी के निधन को लेकर है। दूसरा- मणिपुर में जारी हिंसा के पीड़ितों के लिए और तीसरा- हिमाचल प्रदेश के आपदा पीड़ितों के लिए है। जानकारी के मुताबिक यह बैठक दो दिन तक चलेगी। विपक्षी दलों के नए गठबंधन INDIA के अस्तित्व में आने के बाद कांग्रेस कार्यसमिति की यह पहली बैठक हो रही है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में भी चुनाव होने हैं, लिहाजा इन प्रदेशों से भी नेता हैदराबाद पहुंच रहे हैं।

### जल्द जारी हो सकती है प्रत्याशी सूची

*माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम घोषित हो सकते हैं। कांग्रेस इस बैठक के बाद चुनावों को गंभीरता से लेते हुए हर प्रदेश में सक्रियता बढ़ाने का लक्ष्य दे रही है। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठकें हुईं मगर दावेदारों के नाम को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका। पार्टी प्रत्याशियों के चयन में उलझ गई है।*

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

## पेशी में नहीं आने वाले चार आरोपितों को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

**प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला**

**रायपुर।** बीमारी का बहाना बनाकर लंबे समय से कोर्ट पेशी में नहीं आने वाले इंदिरा प्रियदार्शनी बैंक घोटाले के चार आरोपितों को न्यायाधीश ने अगली पेशी में कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र बसंत ने की, जिसमें पूर्व सुनवाई में अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक और उप महाधिवक्ता संदीप दुबे द्वारा मामले के आरोपितों की पिछले कई वर्षों से कोर्ट पेशी में उपस्थित नहीं होने पर उन सभी की जमानत निरस्त करने और कोर्ट में उपस्थित नहीं होने का कारण बीमारी बताने पर जिला मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट पेश करने का आवेदन प्रस्तुत किया था।

### अनुपथित आरोपितो ने बीमारी को बताया वजह

*इस पर न्यायालय ने सभी अभियुक्तों उपस्थित रहने और आवेदन का जवाब देने का आदेश दिया था। कोर्ट में आरोपित बैंक के पूर्व मैनेजर उमेश सिन्हा, रीता तिवारी, किरण तिवारी, सुलोचना आदिल, सरोजनी उपस्थित हुई जबकि मुख्य आरोपित नीरज जैन सहित चार अन्य उपस्थित नहीं हुए उन्होंने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आवेदन पेश कर बताया कि उन्हें विभिन्न बीमारी है।*

## बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव का कांग्रेस पर हमला, कहा- जनता के बीच बोलते हैं झूठ और सरकारी मंच पर कहते हैं सच्चाई

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है. साव ने कहा कि इन्होंने कमीशन खोरी में और भ्रष्टाचार में गरीबों के चावल में डाका डालने का काम किया है. यह केंद्र सरकार के योजनाओं के पैसों का लूटने का काम कर रहे हैं और जनता के बीच झूठ बोलते हैं कि केंद्र सरकार सहयोग नहीं कर रही है और सरकारी मंच पर कहते हैं 'जितना मांगते हैं, उतना मिल रहा है'. इसके साथ ही उन्होंने



भाजपा की परिवर्तन यात्रा और प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट समेत अन्य मुद्दों पर बयान दिया है. परिवर्तन यात्रा को लेकर अरुण साव ने कहा कि हमने दो परिवर्तन यात्राएं प्रारंभ की है. 12 सितम्बर को दंतेवाड़ा से पहली परिवर्तन यात्रा प्रारंभ हुई है. उस यात्रा का आज पांचवा दिन है. पिछले 4 दिनों में यात्रा को जो रिस्पांस मिला है. वह अत्यंत उत्साह जनक है. दंतेवाड़ा जैसे जगह में मां दंतेश्वरी के पावन धाम में जिस प्रकार से यात्रा का स्वागत हुआ है जो उसका जो जोश और उसके बाद लगातार पिछले चार दिनों में जो कार्यक्रम हुए हैं यात्रा को जनता का आशीर्वाद और सहयोग मिला है. यह बताता है कि आज छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की हवा चल रही है।

## डीजल से भरा टैंकर पलटा, बाल्टी-डिब्बे लेकर डीजल लूटने उमड़े लोग

**कोरबा।** जिले में तेज रफ्तार डीजल से भरा टैंकर बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलटा गया. टैंकर पलटने से सड़क पर डीजल बहने लगा. वहीं जैसे ही लोगों ने सड़क पर डीजल बहते देखा डीजल लूटने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. देखते ही देखते लोग डीजल लूटने के लिए बाल्टी, डिब्बे और गैलन लेकर पहुंच गए. डीजल लूट का वीडियो भी सामने आया है. हालांकि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, वाहन चालक को मामूली चोंटे



आई है. इससे बड़ा हादसा टल गया. ये घटना दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवरा कुसमुंडा टीपर मार्ग की है. जानकारी के अनुसार डीजल से भरा टैंकर क्रमांक CG 07 CD 4728 गेवरा से कुसमुंडा की ओर हेलीपेड टीपर मार्ग से जा रहा था, गेवरा हेलीपेड से ठीक पहले मोड के पास लगभग 10 बजे टैंकर के पहिए सड़क किनारे बने गड्ढे में जा समाएं. जिससे डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. टैंकर के पलटते ही डीजल सड़क पर बहने लगा. जिसके बाद गेवरा खदान कोयला लदान के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए अन्य ट्रक के चालक - परिचालक अपने-अपने वाहनों से बाल्टी निकालकर दौड़ते हुए पलटे हुए वाहन के पास आए और डीजल भरकर भागने लगे. देखते देखते डीजल लूटने वालों की भीड़ लग गई।

## हारे हुए प्रत्याशियों को भी मिलेगा मौका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है। भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य सभी दलों के नेता चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। जहां एक ओर सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार अपने-अपने क्षत्र का दौरा कर रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय नेता भी छत्तीसगढ़ का लगातार दौरा कर रहे हैं। अब इंतजार है तो सिर्फ उम्मीदवारों के नाम का ऐलान होने का। बता दें कि भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और जल्द ही दूसरी सूची जारी करने वाली है। इस बीच



कांग्रेस की पहली सूची को लेकर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को उस बयान को एक तरह से खारिज कर दिया जिसमें कुछ वृषण नेता हारे हुए प्रत्याशियों को इस बार टिकट नहीं दिए जाने की बात कह रहे थे। प्रभारी कुमारी सैलजा के मुताबिक़ पूरा पांच साल सक्रीय और जीत सकने वाले उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा चाहे वह पिछले चुनाव हारा हुआ ही क्यों न हो। सूत्र बता रहे हैं की भाटापारा, धमतरी और

### कब आएगी कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने तस्वीर कर दी साफ

रायपुर दक्षिण सहित कुछ और सीटों के हारे हुए प्रत्याशी पैनल में पहले नंबर पर बने हुए हैं। इनकी सर्वे रिपोर्ट भी अनुकूल बताई जा रही हैं। ऐसे में इनकों दुबारा मौका मिलने के आसार दिख रहे हैं। वहीं कुछ विधायकों के जिनके सर्वे रिपोर्ट अनुकूल नहीं आये हैं उन्हें ड्राप किया जा सकता हैं।

## छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर को बदलेगी जोगी कांग्रेस : अमित जोगी

**रायपुर।** क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के द्वारा रायपुर ग्रामीण विधानसभा के सेजबहार क्षेत्र में शुक्रवार को परिवर्तन संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी का फूल फटाके के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित जोगी ने कहा कि मेरे पिता स्व अजीत जोगी की मृत्यु तीन साल पहले हुई है पर लोगों को दिलों में आज भी जोगी जिंदा हैं। उनके मृत्यु के बाद विरोधी कहते है मैं अनाथ हो गया पर पिता हमेशा कहते हैं, जिसके सिर पर छत्तीसगढ़ के सवा तीन करोड़ लोगों का गए हाथ वो कभी अनाथ



नहीं हो सकता। मेरे पास धन दौलत नहीं है मेरी असली ताकत छत्तीसगढ़ की जनता का मया, प्यार और आशीर्वाद जिनके दम पर हम सरकार बनाएंगे।

15 भाजपा के दारू वाले बाबा और 5 साल दारू वाले कका दोनों ने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस देश की पहली इसी पार्टी है जो भाजपा और कांग्रेस की तरह घोषणा पत्र नहीं देगी बल्कि जनता को शपथ पत्र देगी छत्तीसगढ की तकदीर और तस्वीर जोगी कांग्रेस बदलेगी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच छत्तीसगढ़ को लूटने का, वादा खिलाफी और भ्रष्टाचार का प्रतियोगिता चल रहा है। मैं कोई नेता नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ का बेटा हूं। भाजपा और कांग्रेस को मौका दिया तो धोखा मिला अब मुझे मौका दो दस कदम गरीबी को कर दूंगा खतम।

छत्तीसगढ़ में मिलेट्स के प्रति जागरुकता तेजी से बढ़ी है

## जी- 20 के डेलीगेट्स को उपहार में दी जाएगी बस्तर आर्ट की चिन्हारी

**रायपुर।** जी 20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 18 सितंबर और 19 सितंबर को भाग लेने दुनिया भर से आये प्रतिनिधि अपने साथ छत्तीसगढ़ की सुंदर स्मृतियों के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति की चिन्हारी भी साथ लेकर जाएंगे।

छत्तीसगढ़ की चिन्हारी इस गिफ्ट पैक में वनोपजों से बनाये गये खास प्रोडक्ट होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष को मिलेट ईयर घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मिलेट को प्रोत्साहित करने मिशन मोड पर काम किया गया है। न केवल यहां मिलेट्स उत्पादकों को समर्थन मूल्य पर अपने उपज का दाम मिल रहा है अपितु सरकार द्वारा इनके प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किये जाने तथा मिलेट्स कैफे स्थापित किये जाने से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स के प्रति जागरुकता तेजी से बढ़ी है। विदेशों से आने वाले प्रतिनिधियों को गिफ्ट पैक में प्रदेश में होने वाले मिलेट्स से बने कूकीज दिये जाएंगे। छत्तीसगढ़ के जंगलों में पाई जाने वाला शहद देश के सबसे शुद्ध और स्वादिष्ट शहद में से माना जाता है। यह न केवल शुद्ध होता है अपितु बस्तर और सरगुजा जैसे




वनवासी अंचलों के विशिष्ट प्राकृतिक माहौल में मधुमक्खियों के द्वारा एकत्रित किया जाता है जिससे इसमें औषधिय गुण भी रहते हैं। छत्तीसगढ़ में उत्पादित किये जाने वाले एलोवीरा जेल, अश्वगंधा चूर्ण की लोकप्रियता भी देश भर में है।

डेलीगेट्स को गिफ्ट में यह भी प्रदान किये जाएंगे। इसके साथ ही चिन्हारी के रूप उन्हें बस्तर आर्ट का उपहार भी दिया जाएगा। यहां ढोकरा कला से बनाई गई एक प्रतिमा फ्रेम में आबद्ध कर उन्हें प्रदान की जाएगी। इस कला का थीम चार आदिवासी युवतियों को लेकर है। वे नृत्यरत हैं और एक दूसरे का हाथ थामे हुए है। इस प्रतिमा से बस्तर की सुंदरता और लोकजीवन की समृद्धि की झलक डेलीगेट्स को मिल सकेगी। साथ ही हजारों वर्ष पुराने छत्तीसगढ़ के लोककलाकारों की प्रतिभा से भी वे वाकिफ हो सकेंगे।

*उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में बीते पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का कार्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जा रहा है। इसमें लोककलाकारों को प्रोत्साहित किये जाने के साथ ही स्थानीय खानपान की परंपराओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोदो-कुटकी हमेशा से छत्तीसगढ़ के लोगों की थाली में शामिल रहा है। इसकी आधुनिक तरीके से ब्रांडिंग की गई है। नये कलेवर में, आधुनिक तरीके से प्रसंस्करण के बाद ये उत्पाद बाजार में भी उतारे गये हैं और हर तरफ इनकी प्रशंसा हो रही है।*

# खरीदार से साझेदार, आर्थिक कॉरिडोर पर बनी सहमति देती है मजबूत रिश्तों की गवाही

सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब को भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक बताया। यह सच भी है, क्योंकि, आज सऊदी अरब, भारत के लिए और भारत, सऊदी अरब के लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (अमेरिका, चीन और यूएई के बाद) है, जबकि भारत, सऊदी अरब के लिए दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।

यह स्थिति हमेशा से नहीं थी। पहले दोनों देशों के बीच संबंधों का आधार कुल जमा इतना था कि भारत, सऊदी अरब से तेल खरीदता था। इन संबंधों में रणनीतिक कुछ भी नहीं था, लेकिन अब चीजें बदल रही हैं। दरअसल, 2020 में जब सऊदी अरब में जी-20 सम्मेलन हुआ था, तब कोविड से पूरी दुनिया जूझ रही थी, उस दौर में भारत ने सऊदी अरब का पूरा साथ दिया था। इसी तरह, भारत में हुए जी-20 सम्मेलन में सऊदी अरब ने भारत का समर्थन किया। आज, चाहे पाकिस्तान के साथ कश्मीर का मुद्दा हो, या फिर अनुच्छेद-370 को हटाए जाने का मुद्दा हो, सऊदी अरब इन्हें अब भारत का अंदरूनी मामला ही बताता है। इससे यह भी पता चलता है कि सऊदी अरब और भारत के साथ रिश्ते अब आर्थिक के साथ-साथ रणनीतिक मोर्चे पर भी मजबूत हो



रहे हैं। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (आईएमईसी) की स्थापना को लेकर हुए समझौता वार्ता भी दोनों रिश्तों के मजबूत होते रिश्तों का ही प्रमाण है। आईएमईसी दरअसल, एक ऐतिहासिक व अभूतपूर्व पहल है, जो वैश्विक व्यापार और कनेक्टिविटी को नया आकार देने की बात करती है। इसमें भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं। यह कॉरिडोर,

दरअसल, इन देशों के बीच व्यापार का एक वैकल्पिक मार्ग है। इससे इन देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी और निवेश भी बढ़ेगा। इस परियोजना के तहत पश्चिम एशिया में स्थित देशों को एक रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिसके बाद उन्हें भारत से एक शिपिंग रूट के माध्यम से जोड़ा जाएगा। फिर इस नेटवर्क को यूरोप से जोड़ा जाएगा। फिलहाल भारत या इसके आसपास मौजूद देशों से निकलने वाला माल स्वेज नहर से होते हुए भूमध्य सागर

पहुंचता है, जिसके बाद वह यूरोपीय देशों तक पहुंचता है। इसी तरह, अमेरिकी महाद्वीप में स्थित देशों तक जाने वाला माल भूमध्य सागर से होते हुए अटलांटिक महासागर में प्रवेश करता है, जिसके बाद वह अमेरिका, कनाडा या लैटिन अमेरिकी देशों तक पहुंचता है। इस व्यापक परियोजना से पूरी दुनिया को फायदा मिलेगा। अभी हालांकि यह परियोजना विचार के स्तर पर ही है। पर हर बड़ी परियोजना की शुरुआत विचार से ही होती है। इस परियोजना को चीन की बेल्ट व रोड पहल (बीआरआई) का कूटनीतिक जवाब भी माना जा रहा है। इसके जरिये दुनिया के अन्य देशों को यह संदेश भेजा जा रहा है कि अपने विकास मॉडल को चुनने के लिए आईएमईसी के रूप में बीआरआई का एक और विकल्प मौजूद है। चीन की बीआरआई में कई कमियां हैं। यह पारदर्शी नहीं है और देशों की संप्रभुता का ख्याल नहीं करती। इससे विभिन्न देशों के रणनीतिक हित भी प्रभावित होते हैं। बीआरआई की तुलना में आईएमईसी मार्ग से व्यापार में कम समय लगेगा। आईएमईसी से वैश्विक व्यापार को विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। सैद्धांतिक तौर पर आईएमईसी इसलिए बेहतर है, क्योंकि इससे व्यापार बाधाएं हटेंगी, और व्यापार बेहतर बनेगा। इसके अलावा, भारत और सऊदी अरब ने भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की है, ताकि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को और मजबूत किया जा सके। सऊदी अरब के साथ अच्छे रिश्ते भारत के लिए जीसीसी के सदस्य देशों के साथ बेहतर संबंधों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। जीसीसी के भीतर कुछ समस्याएं चल रही हैं।

> भारत पहले सऊदी अरब से कच्चा तेल खरीदता था, पर अब वह हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। जी-20 के शिखर सम्मेलन में पश्चिम एशिया के रास्ते यूरोप तक आर्थिक कॉरिडोर पर बनी सहमति भारत-सऊदी अरब के मजबूत होते रिश्ते का ही प्रमाण है।

इसलिए, उसने भारत के साथ एफटीए की सभी वार्ताएं रोकी हुई हैं। भारत ने भी एफटीए को लेकर हुई वार्ताओं को आगे बढ़ने से रोका है। इसकी वजह यह थी कि इससे पहले भारत के जिन देशों के साथ एफटीए हुए थे, उनमें उसे अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका है। भारत ने उन सभी की समीक्षा की और उसके बाद सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात के साथ 2022 में कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक सहयोग समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। सीईपीए संयुक्त अरब अमीरात की ऐसी पहली साझेदारी है और जीसीसी के क्षेत्र में भारत का इस तरह का पहला समझौता है। सीईपीए के शुरू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापार में पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब इसी पैटर्न पर भारत व जीसीसी के मध्य एफटीए का मार्ग प्रशस्त होने की संभावनाएं बढ़ी हैं। अगर भारत और जीसीसी के मध्य मुक्त व्यापार समझौता होता है, तो इससे भारत के लिए करों में कमी होगी, या, उसे वरीयता मिलेगी या कर की दरें शून्य होंगी। तीनों ही स्थितियां भारत के लिए फायदेमंद होंगी।

अनिल त्रिगुणायत

## संपादकीय

### महंगाई से राहत नहीं

भारत में आम लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने जा रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उर्वरकों की बिक्री रोक दी है। अगर मुद्रास्फीति दर में बहुत मामूली गिरावट भी आ जाए, तो अखबारी सुर्खियां उसे इस रूप में पेश करती हैं, जैसे अब महंगाई में वास्तविक गिरावट आने लगी है। जबकि उसका असल मतलब यह होता है कि गुजरे महीने या तिमाही में महंगाई बढ़ने की दर कुछ धीमी रही। मसलन, अगस्त के आंकड़ों में बताया गया है कि इस महीने मुद्रास्फीति की दर 6.83 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह दर 7.44 फीसदी थी। इसका अर्थ यह हुआ कि महंगाई जुलाई की तुलना में 0.61 प्रतिशत कम दर से बढ़ी। क्या इसे महंगाई पर काबू पा लेना कहेंगे? अब जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति का आंकड़ा भी आया है, जिसके मुताबिक उस महीने खाद्य पदार्थों की कीमत लगभग दस प्रतिशत की दर से बढ़ी। जाहिर है, लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिल रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उर्वरकों की बिक्री रोक दी है। 2022 में रूसी कंपनियां भारत की सबसे बड़ी खाद सप्लायर बन गई थी। तब प्रतिबंधों के कारण रूसी खाद कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद बेचने में परेशानी हो रही थी। इससे बचने के लिए उन्होंने भारत को सस्ते दाम पर डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बेचना शुरू किया।

# पहले ही 'फरमान' पर उठे सवाल, एंकरों की सूची जारी करने पर विवाद गहराया

विपक्षी गठबंधन इंडिया ने जब से 14 टीवी एंकरों के कार्यक्रमों में अपने प्रवक्ता को न भेजने और उनका बहिष्कार करने का ऐलान किया है, मीडिया के तमाम मंचों पर इसे लेकर अलग अलग तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या खबरिया चैनलों के मौजूदा स्वरूप या टीवी बहसों में विपक्ष के प्रवक्ताओं पर एंकर के आक्रामक तरीके से हावी होने के पीछे सिर्फ ये चेहरे जिम्मेदार हैं या फिर उनके पीछे कोई अप्रत्यक्ष दबाव रहता है?

इंडिया गठबंधन की प्रेस विज्ञप्ति में जिन 14 एंकरों के नाम हैं, क्या सिर्फ वही इस पूरी स्थिति के मुख्य 'आरोपी' हैं या वे सिर्फ इसके प्रतिनिधि मात्र हैं? क्या तथाकथित गोदी मीडिया का जो नैरेटिव पिछले नौ सालों से चलता आ रहा है, उसके पीछे सिर्फ कुछ चेहरे मात्र हैं?




न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) ने इंडिया गठबंधन के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसकी तुलना इमरजेंसी के दौर से की है और कहा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया की दुहाई देने वाले इन दलों का यह फैसला क्या लोकतंत्र और पत्रकारों के सवाल उठाने के अधिकार के खिलाफ नहीं है।

इंडिया टीवी के चेयरमैन रजत शर्मा ने भी अपने ट्वीट और अपने कार्यक्रम में गठबंधन की ओर से

> ***इंडिया गठबंधन की प्रेस विज्ञप्ति में जिन 14 एंकरों के नाम हैं, क्या सिर्फ वही इस पूरी स्थिति के मुख्य 'आरोपी' हैं या वे सिर्फ इसके प्रतिनिधि मात्र हैं? क्या तथाकथित गोदी मीडिया का जो नैरेटिव पिछले नौ सालों से चलता आ रहा है, उसके पीछे सिर्फ कुछ चेहरे मात्र हैं?***

किए गए इस फैसले को वापस लेने की अपील की है और कहा है कि टीवी एंकर्स अपने डीबेट शो के जरिये अपना काम कर रहे हैं और उनके करोड़ों दर्शक उनके साथ हैं।

प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार जयशंकर गुप्त का भी मानना है कि इंडिया गठबंधन की ओर से एंकरों की सूची जारी कर उनके कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फैसला सही नहीं है, लेकिन साथ ही जयशंकर गुप्त ये सवाल भी उठाते हैं कि आखिर तमाम चैनलों ने लंबे समय से सरकार पर सवाल उठाने वाले राजनीतिक विश्लेषकों को बुलाने पर रोक क्यों लगा रखी है? वह मानते हैं कि गठबंधन का फैसला हड़बड़ी में लिया गया फैसला है क्योंकि एंकर्स का रिंग मास्टर कोई और होता है जो सत्ता की गोद में बैठा होता है।

### विपक्षी गठबंधन के फैसले को लेकर प्रतिक्रिया

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष उमाकांत लखेड़ा भी विपक्षी गठबंधन के इस फैसले को सही नहीं मानते लेकिन वह उन चैनलों के एंकर और मालिकानों पर सवाल भी उठाते हैं कि जिस तरह सरकार से सवाल पूछने के बजाय एंकर्स विपक्ष पर एकतरफा तरीके से सवाल पूछते हैं और उन्हें अपनी बात तक कहने का मौका नहीं देते, उसे पत्रकारिता नहीं कहा जा सकता।

दरअसल एंकर तो महज एक चेहरा है। बेहतर होता कि गठबंधन के नेता एंकरों की सूची जारी करने से पहले उन चैनलों के प्रबंधन को पत्र लिखकर अपनी बात रखते या अपनी आपत्ति दर्ज कराते। कुछ एंकरों की सूची जारी कर वो खुद कटघरे में खड़े हो गए हैं। यह जो भी स्थिति पैदा हुई है, बेशक वह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

एडिटर्स गिल्ड के प्रमुख सदस्य भारत भूषण फिलहाल मणिपुर पर जारी अपनी रिपोर्ट की वजह से अदालती दांवपेंच में उलझे हैं, एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों (सीमा मुस्तफा, सीमा गुआ, भारत भूषण और दीपक कपूर) के खिलाफ मणिपुर हिंसा पर दी गई रिपोर्ट को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। लेकिन वह भी कमोबेश यही राय रखते हैं कि विपक्षी गठबंधन को चंद एंकरों की सूची जारी करने के बजाय चैनलों के प्रबंधन और उनकी नीतियो पर सवाल उठाना चाहिए।

## मिला जुला

### आईएएस अधिकारी टीना डाबी के घर गूंजी किलकारियां, दिया अपने पहले बच्चे को जन्म




जयपुर। 2015 में आईएएस परीक्षा में टॉप करने वाली टीना डाबी शुक्रवार कोअपने पहले बच्चे को जन्म दिया। टीना ने अपने पति और साथी आईएएस अधिकारी प्रदीप गवांडे के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों की पिछले साल 22 अप्रैल को उनकी शादी हुई थी। 2016 राजस्थान कैडर की अधिकारी टीना डाबी आखिरी बार जैसलमेर में जिला मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात थीं। 14 जुलाई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में घोषणा की कि वह काम से छुट्टी ले रही हैं। वह पहले राजस्थान सरकार में वित्त (कर) के संयुक्त सचिव के रूप में जयपुर में तैनात थीं। 2015 में टीना डाबी प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाली दलित समुदाय की पहली व्यक्ति बनीं। बता दें कि टीना की पहली शादी उनके बैचमेट अतहर आमिर खान के साथ हुई थी जिसके बाद यह शादी ज्यादा दिनों तक सफल नहीं रही और उन्होंने अतहर से तलाक ले लिया और 2013 बैच के आईएएस अधिकारी प्रदीप गवांडे से शादी कर ली।

### अनंतनाग में चौथे दिन भी मुठभेड़ जारी

# आतंकियों के खिलाफ रॉकेट लॉन्चर से बम बरसा रही भारतीय सेना

**कश्मीर** के अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ इंडियन आर्मी एक्शन में है. यहां के कोकरनाग में आतंकियों से मुठभेड़ लगातार चौथे दिन शनिवार (16 सितंबर) को भी जारी है. सूत्रों ने बताया कि कोकेरनाग के जंगलों में मौजूद पहाड़ियों पर 2-3 आतंकी छिपे हुए हैं, जिन्हें इंडियन आर्मी ने घेर लिया है.

ऑपरेशन को जल्द खत्म करने के लिए इन पर रॉकेट लॉन्चर और अन्य भारी हथियारों से हमले किए जा रहे हैं. पहाड़ पर आतंकियों को मार गिराने के लिए इंडियन आर्मी ड्रोन से बम बरसा रही है. रॉकेट लॉन्चर से भी बमबारी का एक वीडियो सामने आया है. कश्मीर के एडीजीपी ने इस ऑपरेशन पर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने एक्स पर लिखा, स्पेसिफिक इनपुट के आधार पर ऑपरेशन चलाया जा रहा है. 2-3 आतंकवादी घिरे हुए हैं, जिन्हें जल्द पकड़ा जाएगा.




#### बुधवार को शहीद हुए थे तीन अधिकारी

बुधवार (13 सितंबर) को अनंतनाग एनकाउंटर में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के कुल तीन अधिकारी शहीद हुए थे. इनमें 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग आफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धानोक और डीएसपी हुमायूं मुजम्मिल भट्ट शामिल थे. ऑपरेशन के दौरान एक जवान भी शहीद हुआ है. हालांकि उसकी विस्तृत जानकारी अभी नहीं दी गई है. सेना के सूत्रों ने बताया है कि ऑपरेशन को जल्द खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि आतंकियों के पास मौजूद गोला बारूद खत्म हो गए हैं और केवल ऊंची जगह पर छिपे होने की वजह से सुरक्षा बलों से अभी तक बचे रहने में सफल रहे हैं. मुठभेड़ वाली क्षेत्र को चारों तरफ से घेर कर रखा गया है और आम लोगों को उस तरफ आने जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है. लोगों ने मुठभेड़ के दौरान धमाकों की आवाज सुनी है.।

#### जम्मू-कश्मीर 'घाटी से आतंकियों का किया जाएगा खात्मा'

**डीजीपी दिलबाग सिंह की दहशतगर्दों को चुनौती**

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह का कहना है कि घाटी में व्याप्त आतंकवाद का खात्मा किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक कल दोपहर में कोकरनाग पहुंचे। उन्होंने ऑपरेशन में शामिल पुलिस व सेना के अधिकारियों से ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली। मालूम हो कि इस मुठभेड़ में पहले दिन बुधवार को 19 आरआर के सीओ कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट बलिदान हो चुके हैं। खबर है कि अभी अभियान जारी है। अनंतनाग में चल रहे अभियान के बारे में कश्मीर के एडिशनल डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि आतंकियों के खिलाफ यह अभियान पुख्ता सूचना के आधार पर शुरू किया गया है और वहां फंसे आतंकियों का खात्मा किया जाएगा।

### मेन हॉल में एक साथ 11,000 लोग बैठ सकेंगे

# मोदी अपने जन्मदिन पर देश को देंगे यशोभूमि का तोहफा



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी कल यानी कि रविवार, 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के मौके पर देश को एक बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं. पीएम मोदी देश को यशोभूमि तोहफे में देंगे. यह एशिया का सबसे बड़ा इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर है. दिल्ली के द्वारका में इस भव्य इमारत का पहला फेज़ बनकर तैयार हो चुका है.पीएम मोदी कल अपने जन्मदिन के खास मौके पर इसे देश को समर्पित करेंगे. इस कन्वेंशन सेंटर में बड़ी बैठकें, सम्मेलन और प्रदर्शनियां आयोजित की जा सकेंगी. बनकर पूरी तरह तैयार होने पर इसमें 11 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी.

#### यशोभूमि में 15 कन्वेंशन रूम और 13 मीटिंग रूम

यशोभूमि प्रोजेक्ट 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बनाया जा रहा है. वहीं बना हुआ क्षेत्र 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक होगा. यह दुनिया में सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर और एक्सपो सेंटर होगा. इसमें बैठकें, सम्मेलन और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी. 73 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा जगह में बने कन्वेंशन सेंटर में मेन हॉल, ग्रैंड बॉलरूम समेत 15 कन्वेंशन रूम और 13 मीटिंग रूम शामिल हैं. जब यह बनकर तैयार हो जाएगा तो इस कन्वेंशन सेंटर में एक साथ 11,000 लोग आसानी से बैठ सकेंगे.

## पोटेशियम साइनाइड से रामचरितमानस की तुलना करने वाले मंत्री को तेजस्वी ने दी नसीहत

**पटना।** रामचरितमानस की तुलना पोटेशियम साइनाइड से करने पर बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नसीहत दी है. आरजेडी नेता चंद्रशेखर को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने की जगह मंत्री को अपने विभाग के काम पर ध्यान देना चाहिए. तेजस्वी यादव ने चंद्रशेखर के विवादित बयान को लेकर कहा, ये सब नहीं बोलना चाहिए. सभी धर्मों का सम्मान हो. लोगों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए. मंत्री को अपने विभाग पर ध्यान देना चाहिए. नकारात्मक बातें नहीं करनी चाहिए. ये सब नहीं कहना चाहिए. बता दें कि हिंदी



दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान चंद्रशेखर ने कहा था कि पचपन तरह का व्यंजन परोस कर उसमें पोटेशियम साइनाइड मिला दीजिए तो क्या होगा, हिंदू धर्म ग्रंथ का हाल भी ऐसा ही है.

## अमित शाह ने बताया, विपक्ष ने क्यों गठबंधन का नाम यूपीए से इंडिया रखा

**मधुबनी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मधुबनी के झंझारपुर में रैली को संबोधित करते हुए बिहार की महागठबंधन सरकार पर हमला बोला। उन्होने कहा कि हाल ही में नीतीश सरकार ने रक्षाबंधन की छुट्टी रद्द करने का फतवा जारी किया था। लेकिन आप लोगों के दबाव में आकर फैसला वापस लेना पड़ा। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। शाह ने कहा कि साल 2014 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 21 सीटों पर एनडीए जीता था, फिर साल 2019 के चुनाव में आपने ने 40 में 39 सीटों पर जीत दर्ज कराई। और अब 2024 लोकसभा चुनाव में 40 की 40 सीटों पर एनडीए की जीत दर्ज कराएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा




कि तेल और पानी कभी एक नहीं हो सकते हैं। बिहार में ऐसा ही गठबंधन जदयू और आरजेडी का है। प्रधानमंत्री बनने के लिए नीतीश कुमार ने जो गठबंधन किया है। वो उन्हें भी डुबो देगा। क्योंकि तेल पानी को गंदा ही करेगा।

### किंझल मिसाइल पर टिकी तानाशाह की नजरें!

# पुतिन ने किम को कराई जंगी जखीरे की सैर!

**मॉस्को।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन इस समय रूस के दौरे पर हैं. शनिवार को वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ परमाणु हमला करने में सक्षम बम वर्षक विमान देखने पहुंचे. उन्होंने पूर्वी बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में प्रशांत बेड़े में शामिल युद्धपोत का भी जायजा लिया. इससे पहले उन्होंने रूस में लड़ाकू विमान संयंत्र का दौरा किया और एसयू-57 के कॉकपिट को नजदीक से देखा. किम ने किंझल मिसाइल को भी देखा. किम के आधिकारिक मीडिया ने बताया कि वो सबसे बेहतरीन रूसी युद्धक विमान बनाने वाली फैक्ट्री से




खासे प्रभावित हुए हैं. बता दें कि किम बुधवार को रूस यात्रा पर पहुंचे थे. सबसे पहले उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की. इस मीटिंग के बाद दोनों देशों में आर्म्स अलायंस की चर्चाएं तेज हो गईं. किम के इस दौरे से पश्चिमी देशों की भी एक तरह से टेंशन बढ़ गई है।

# बरसते पानी में किया 'अब नहीं सहिबो,बदल के रहिबो' नारे को बुलंद

## भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में बालोद जिले के तीनों विधानसभा में सभा

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा 15 व 16 सितंबर को बालोद जिले में रही। तीनों विधानसभा क्षेत्र में सभा ली गई। तीनों ही सभा में बरसते पानी में लोग उपस्थित हुए और परिवर्तन यात्रा के नारा अब नहीं सहिबो,बदल के रहिबो नारे को बुलंद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने यात्रा के माध्यम से हुंकार भरी और कार्यकर्ताओं में जोश पैदा किया। वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर भाड़ास निकाली, वहीं स्थानीय विधायकों को भी आड़े हाथों लिया।



सत्ता परिवर्तन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की निकली परिवर्तन यात्रा सबसे पहले बालोद जिले में डौंडी में प्रवेश की। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डौंडी में यात्रा का स्वागत किया। उसके बाद यात्रा दल्लीराजहरा पहुंची जहां सभा का आयोजन किया गया। खासियत यह रही कि डौंडी से लेकर पसोद तक की पूरी यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ नारे गूंजते रहे। यात्रा शाम 7 बजे बालोद पहुंची। सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में आयोजित सभा में बरसते पानी के बावजूद भी हजारों लोग शामिल हुए। बारिश होने के बाद भी काफी संख्या में लोगों को देखकर वक्ता भी जोश में आ गए और कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर बोले। परिवर्तन यात्रा का युवा मोर्चा और महिला मोर्चा ने भी उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में यात्रा प्रभारी राकेश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष केसी पवार, वरिष्ठ भाजपा नेता, यशवंत जैन, राजा दीवान सहित सभी मंडल के अध्यक्ष और सभी मोर्चा के पदाधिकारी सक्रिय रहे।

### गिनाए सरकार के घोटाले

सभा को सबसे पहले पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित किया। उसके बाद सांसद मोहन मांडवी और प्रेम प्रकाश पांडे ने संबोधित किया। सभी ने सरकार के घोटाले को सामने रखा। कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार हर मामले में विफल रही है। प्रदेश के खजाने को लूटा जा रहा है। झूठ बोलकर सत्ता में आए और अभी भी झूठ बोल रहे हैं। सभी ने 2023 के चुनाव में भूपेश बघेल की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

### गलत कार्यों में लगे विधायक को मिल रहा उत्कृष्ट पुरस्कार

अपने संबोधन में यात्रा के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह विडंबना है कि यहां के विधायक और पूर्व विधायक द्वारा अनैतिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उसके बाद भी उन्हें उत्कृष्ट विधायक का तमगा दिया जा रहा है। बालोद जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। सट्टा जोरों पर है और इस सब को संरक्षण दिया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का जो भी विकास दिख रहा है वह सिर्फ भाजपा सरकार की ही देन है।

### छत्तीसगढ़ वासियों के साथ किया जा रहा कुठाराघात

*यात्रा में प्रमुख रूप से शामिल केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ वासियों के साथ कुठाराघात किया है। झूठा आश्वासन देकर पूरे 5 साल बिता दिया। छत्तीसगढ़ बनते ही जिस तेजी के साथ विकास हो रहा था वह पिछले 5 साल में ठप हो गया है। केंद्र सरकार की योजनाएं अमृतसरोवर, आवास, सड़क ही सभी लोगों को दिखाई दे रही है। भूपेश बघेल की सरकार सिर्फ घोटाले में लगी हुई है।*

## एक नजर

### विश्व ओजोन दिवस पर बच्चों ने अपनी चित्र कला से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कोंडागांव।** विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चित्रकला का आयोजन किया।जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी चित्रकारी के माध्यम से पर्यावरण ओजोन परत संरक्षण का सन्देश दिया।प्रधान पाठक मधु तिवारी ने कहा लगभग 10 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर पाई जाने वाली ओजोन परत हमे सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने का काम करती है पराबैंगनी किरणों का पृथ्वी पर रहने वाले जीव जंतुओं और वनस्पतियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है इससे तवचा का कैंसर मोतियाबिंद और समुद्री जीव जंतुओं को भी नुकसान हो सकता है ओजोन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने 16 सितंबर को वर्ल्ड ओजोन दिवस मनाने की घोषणा की थी हमे अपनी पृथ्वी को बचाने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए साथ ही फ्रीज,एयर कंडीशनर का सीमित उपयोग करना चाहिए जहां तक हो सके कार्बन उत्सर्जन वाले वाहनों के स्थान पर आवागमन के लिए साइकिल एवम सार्वजनिक वाहन जैसे बस,टैक्सी आदी का उपयोग करना चाहिये।

### सुदूर वनांचल आवर्ती गोठान खड़पड़ी एवं बड़े कुरसनार में मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट का शुभारम्भ

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा गरवा घूरवा बाड़ी अंतर्गत गोठान में उपस्थित पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट का संचालन किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट द्वारा प्रतिदिन 02 गोठनों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत उपसंचालक डॉ0 शिशिरकान्त पांडेय के मार्गदर्शन में विकासखंड कोण्डागांव में मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट द्वारा शिविर का प्रारंभ गुरुवार को सुदूर वनांचल स्थित ग्राम बड़ेकुरसनार और ग्राम खड़पड़ी के आवर्ती गोठान में किया गया। जहां ग्रामीण आदिवासी पशुपालकों को नि:शुल्क पशु चिकित्सा सेवा, पशुओं में किलनीनाशक दवा का छिड़काव, कृमिनाशक दवापान, टीकाकरण, औषधि वितरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर में जनपद सदस्य, ग्राम सरपंच, गोठान समिति के अध्यक्ष एवं आदिवासी पशुपालक उपस्थित रहे। पशुधन विभाग से डॉ0 ढालेश्वरी प्रभारी पशु चिकित्सालय कोण्डागांव, डॉ0 रुचिका, डॉ0 कृष्ण कोर्राम प्रभारी पशु चिकित्सालय मर्दापाल, आलोक नेताम, संजीत मरकाम, सनत कोर्राम, लखन पोयाम, एवं मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट से खेमराज साहू, तोमेश पांडे उपस्थित रहे।



### युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

**रायपुर ।** उरला के देशी शराब दुकान के पीछे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश महिलांग 24 वर्ष सतनाम चौक उरला का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजू साहू और सुनील पाल ने पुराना झगड़ा की बात को लेकर अमन बंजारे 22 वर्ष पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। जिससे अमन को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 केतहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लाखों रुपए का सरिया लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर ।** लाखों रुपए का सरिया लोड कर ट्रक चालक लापता हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील शर्मा 59 वर्ष टाटीबंध आमानाका का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी जेटीएल कंपनी उरला में कार्यरत है। वहां से ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 4698 के चालक ने ट्रक में 15 लाा 22 हजार 40 रुपए का सरिया लोड कर बेंगलोर के लक्ष्मी स्टील के लिए रवाना हुआ था, जो आज तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंच पाया है।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने ग्राम सेमरा में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हो धर्म लाभ लिया

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन ग्राम पंचायत सेमरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए एवं धर्म लाभ लिया तथा आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी भक्तों के साथ जमीन पर बैठकर श्रीमद्भागवत कथा का अनुश्रवण किया इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की वर्तमान समय में श्रीमद्भागवत कथा ही मानव जीवन के उद्धार का एकमात्र मार्ग है वर्तमान जीवनशैली जो की तनाव और अनियमितता से भरा हुआ है उसमें श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण और उस पर अमल करना मुक्ति का एक मात्र मार्ग है श्रीमद्भागवत कथा में व्यक्ति के हर कष्ट और परेशानी का समाधान है



इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप,उप सरपंच अमित दास वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, वरिष्ठ पार्षद राजेश राय, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ से दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब जाने वाले यात्रियों के लिए फिर बढ़ी परेशानी, रद हुई ये 12 ट्रेनें

**रायपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन में वाशेबल अप्रोन का काम शनिवार 16 सितंबर से 35 दिनों तक चलेगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 12 एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने रद कर दिया है। इन मुख्य एक्सप्रेस ट्रेनों के अचानक से रद होने से दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब राज्य की ओर जाने वाले यात्रियों को दो से दस दिन तक परेशान होना पड़ेगा।





### रेलवे ने इन ट्रेनों को किया रद

रेलवे मंडल से मिली जानकारी के अनुसार 16, 18, 21, 23, 25 और 28 सितंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 12823 दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस,17, 19, 22, 24, 26 और 29 सितंबर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस,19 और 26 सितंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 12549 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, 21 और 28 सितंबर को उधमपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 12550 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस,16 और 28 सितंबर को कोरबा से चलने वाली ट्रेन नंबर 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस,18 एवं 30 सितंबर को अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नंबर 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस,16, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27 और 28 सितंबर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस,18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29 और 30 सितंबर को रायगढ़ से चलने वाली ट्रेन नंबर 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस,19, 22 और 26 सितंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस, 20, 23 और 27 सितंबर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस,20 और 27 सितंबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस और 21 व 28 सितंबर को उधमपुर से चलने वाली 20848 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद रहेगी।

# रायपुर पहुंचे गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, बोले- छत्तीसगढ़ में बनेगी डबल इंजन की सरकार, भूपेश पर साधा निशाना

**रायपुर।** गोवा के मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत ने कहा कि माता कौशल्या की भूमि में आया हूं। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य को बनाया। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आया हूं। यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। गोवा के मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के विकास कार्य आपने देखा है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरे देश का विकास पहली बार हुआ है। 50 साल कांग्रेस की और 9 साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को आप तुलना कर सकते हैं। डा. प्रमोद सावंत ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना सुमित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की सराहना की।



### भूपेश झूठ बोलने में माहिर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि वह झूठ बोलने में माहिर है और झूठा प्रदर्शन कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना में हर व्यक्ति के पास कार्ड होना जरूरी है। सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों में हेल्थ कार्ड से निशुल्क इलाज हो रहा है।

# एनएमडीसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जगदलपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वाधान में भारत का प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनएमडीसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के लिए अपने अभियान के दौरान अपनी विभिन्न परियोजनाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को हुई, जिसके अंतर्गत कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी. विश्वनाथ ने एनएमडीसी लिमिटेड, स्लरी पाईप लाईन प्रोजेक्ट, जगदलपुर में एक पूर्ण दिवसीय सत्र को सम्बोधित किया। मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा सभी अधिकारीयों को उच्च नैतिकता एवं न्यायसंगत निर्णयों के लिए लिए भारत सरकार के वित्त विभाग तथा एनएमडीसी द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों एवं नियमावलियों और सतत प्रगति पर चर्चा की गयी साथ ही केंद्रीय सतर्कता आयोग से VAW- 2023 के अधीन जारी हुए दिशा-निर्देशों के पालन के लिए निर्देश दिए। एनएमडीसी लिमिटेड, स्लरी पाईप लाईन प्रोजेक्ट, जगदलपुर के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री विश्वनाथ ने कहा कि लोक सेवकों को कार्य के दौरान बेहतत अनुबंध प्रबंधन हेतु उच्च मानकों, दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के लाभों पर भी चर्चा की गयी साथ ही इसमें संभावित चुनौतियों को कम करने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की गई।



# भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव डॉ.चंद्रशेखर कुमार ने पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों से रूबरू होकर की चर्चा

**जगदलपुर।** भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने बस्तर जिले के भ्रमण के दौरान शनिवार को लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत उसरीबेड़ा में पंचायत पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों और स्व सहायता समूहों से रूबरू होकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी ली। वहीं स्व सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं को उत्पादक गतिविधियों के जरिये आय संवृद्धि किये जाने की समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहण्डीगुड़ा तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन कर बाह्य रोगी कक्ष में उपचार कराने आये मरीजों से चर्चा की और स्वास्थ्य जांच,दवाई की सुलभता के बारे में पूछा। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाजरत मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र पर उपचारार्थ भर्ती बच्चों की स्वास्थ्य जांच, वजन की जांच तथा उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार दी जाने वाली पौष्टिक पोषण आहार के सम्बंध में पूछा।



**ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति की ली जानकारी**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र का किया अवलोकन**

अतिरिक्त सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार को उसरीबेड़ा ग्राम पंचायत में पंचायत पदाधिकारियों से मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण आवास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम इत्यादि के बारे में जानकारी ली। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से एकीकृत बाल विकास सेवाओं की सुलभता यथा लक्षित माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पूरक पोषण आहार की उपलब्धता के सम्बंध में पूछा।

इस दौरान पंचायत पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस दिशा में मनरेगा से कूप निर्माण, डबरी निर्माण सहित भूमि सुधार कार्य कराया जा रहा है। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत पेंशन योजनाओं से ग्राम पंचायत के 62 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में नल जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी घरों में शौचालय निर्मित किया गया है। इसके साथ ही आवश्यक अधोसंरचना विकास के कार्य किये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत के 90 प्रतिशत परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया है। राशन कार्डधारी हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान के माध्यम से खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री सुलभ कराया जा रहा है।



# कोंडागांव के माकड़ी ब्लाक मुख्यालय में आयोजित हुआ तीज मिलन समारोह

## मंत्री मोहन मरकाम ने किया माताओं और दीदियों का सम्मान

**कोंडागांव** - कोंडागांव विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम 15 सितंबर को अपने जन्मदिवस के दिन माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में माकड़ी ब्लॉक की माताओ दीदीयों हेतु तीज मिलन समारोह आयोजित कर क्षेत्र की लगभग 6000 से अधिक महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें तीजा साड़ी भेंट किया और कहा की सभी बहनों के लिए भाई की ओर से यह भेंट है कार्यक्रम सुबह 11बजे से मंडी प्रांगण में शुरू हुई जो कि शाम लगभग 06 बजे तक चलती रही कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने गाना गाकर गीत सुनाकर आपस मे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया कार्यकम में महिलाओं माताओं दीदियों से सवाल भी पूछे जिसमें सभी ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली व सवालों का सही उत्तर देने वाली माताओं बहनों को मंत्री मोहन मरकाम ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में मौजूद महिला शक्तियों ने कहा की आज का दिन यादगार हो गया है और पहली बार तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है हमारे क्षेत्र के विकास में आपने कोई कसर नही छोडी है आज महिलाओं का सम्मान कर साबित कर दिया कि महिला शसक्तीकरण को आप वास्तव में गम्भीरता से लेते हैं ऐसे आयोजन के लिए सभी माताओं बहनों की ओर तहेदिल से धन्यवाद आपका स्नेह सदैव क्षेत्रवासियों पर बना रहे हम बहनों का आशीर्वाद स्नेह सदैव आपके साथ रहा है आगे भी यूं ही बना रहेगा।कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोती बाई नेताम, जिला पंचायत सदस्य रमिला ब्रम्हा,हेमलाल बघेल, मरकाम,जनपद उपाध्यक्ष गौतम साहू, सुकली पोयाम जनपद सदस्य पिंकी गजेंद्र राठौर माकड़ी सरपंच हेमलाल वट्टी ब्लाक अध्यक्ष शंकर मंडावी,शाकंभरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल,रामकुमार कश्यप,विनोद साहू,सहित क्षेत्र के पंच सरपंच व सम्पूर्ण ब्लाक की महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रही।





# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीम तेजी से काम में जुटी प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

## भोजन के साथ राहत सामग्री,और अन्य सहायता पहुंचायी जा रही, मवेशियों के लिए की जा रही चारे की व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




कलेक्टर पीएसएल्मा बेमेतरा ब्लॉक बाढ़ प्रभावित ग्राम बैजी पहुंचे। बारिश के दौरान अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति तथा नदी, नालों में उफन के दौरान पानी से घीरे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए रबर मोटर बोट की मदद ली गयी। कलेक्टर एल्मा स्वयं सुरक्षा जैकेट पहन बचाव दल के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के पास पहुंचे। बारिश के दौरान पानी में फं से लोगों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अधिक जल भराव से प्रशासन को राहत व बचाव कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बेमेतरा जिले और आसपास के जिलों में भारी बारिश के कारण नदियों का जल स्तर बढ़ गया। जिससे नदी किनारे बसे कई ग्रामों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, यातायात पर बाधा आई है और बिजली सेवा में भी बाधितियां हो रही हैं। जिले के कलेक्टर पीएस एल्मा ने स्थिति में लोगों और प्रभावित लोगों से संवाद बनाते हुए खुद निरीक्षण कर राहत पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिले की प्रशासनिक टीम अब तेजी से काम में जुट गई है। प्रभावित ग्रामीणों को खाद्य सामग्री के साथ राहत सामग्री,और अन्य सहायता पहुंचायी जा रही है। कलेक्टर एल्मा ने नागरिकों से सावधान और सतर्क रहने और घटन दुर्घटना की कंट्रोल रूम में खबर करने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशों का पालन करने कहा ताकि कोई जनहानि नहीं हो। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कलेक्टर एल्मा सहित पूरा जिला प्रशासन,बचाव दल के साथ स्थानीय लोग भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ग्राम पंचायत, स्थानीजानो के सहयोग से राशन सामग्री,भोजन, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था, मवेशियों के लिये चारा इत्यादि की व्यवस्था कर रहे है। ग्राम डडजरा में नगर पंचायत बेरला द्वारा तत्काल पानी का टेंकर भेज कर प्रभावितों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण अनुभाग बेरला,साजा,नवागढ़ आदि के कई ग्रामों में नदी,नालों का जल स्तर बढ़ने के कारण जल भराव, यातायात बाधित, बिजली सेवा बाधित हुई हैं। बेरला में शिवनाथ नहीं के किनारे स्थित निचले ग्रामो भेडनी, डडजरा, खम्हारिया-डी, घोटमर्रा में गांव के अन्दर पानी घुसने से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया। ग्राम डडजरा के 14 प्रभावित परिवारों के 120 सदस्य, ग्राम भेडनी के 07 प्रभावित परिवारों के 31 सदस्य, ग्राम घोटमर्रा के 03 प्रभावित परिवारों के 10 सदस्य, ग्राम खम्हारिया-ेडी, के 01 प्रभावित परिवारों के 09 सदस्यों को ग्राम में ही स्थित राहत शिविरों में पहुंचाया गया। जहां पर प्रशासन, ग्राम पंचायत, स्थानी जानो के सहयोग से भोजन, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था, पशुओं के लिये चारा इत्यादि की व्यवस्था तत्काल की गई। भारी बारिश के चलते टेमरी.सिंमगा शिवनाथ नदी पुराना पुल मार्ग अवरुद्ध हो गया हैं। दुर्घटना की संभावना को देखते हुए पीडब्लूडी द्वारा बैरीकेटिंग कर रास्ते को बंद किया गया।

प्रशासन द्वारा जमीनी अमले के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर पर लगातार नजर रखी जा रही हैं। कोटवारो के माध्यम से मुनादी करवाई जा रही हैं। कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया एवं स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, पशु चिकित्सा विभाग को आपसी सामंजस्य बनाते हुए प्रभावित परिवारों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया गया द्य राजस्व विभाग द्वारा पटवारियों के माध्यम से जन-धन, पशु.धन, माकन, फ सल क्षति का आकलन किया जा रहा हैं। जिससे आकलन पश्चात प्रभावितों को रा.बी.सी. 6.4 के तहत तात्कालिक राहत पहुंचायी जा सके।

# 8 सूत्रीय मांगो को लेकर भीम रेजिमेंट के कार्यकर्ताओं ने सीएम भूपेश बघेल और स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा का नगर बेरला में पुतला दहन किया



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**बेमेतरा जिले के नगर पंचायत बेरला पहुंचकर 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भीम रेजिमेंट कार्यकर्ताओं व बेरला इकाई ब्लॉक अध्यक्ष बेरला के नेतृत्व में बेरला में कांग्रेस के नेता का पुतला दहन किया गया**

भीम रेजिमेंट ने अपने मांगो को लेकर ससीएम भूपेश बघेल का पुतला दहन करते हुए स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा का मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए नगर भ्रमण किये इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश सोनवानी प्रदेश महासचिव दिनेश चतुर्वेदी जिला प्रभारी बेमेतरा रेखराम सोनवानी जिला अध्यक्ष अविनाश घृतलहरे जिला अध्यक्ष कार्य.हेमंत बंजारे जिला उपाध्यक्ष कुवर्जित गायकवाड जीवरखन बांधे बेरला ब्लॉक अध्यक्ष कार्यणसंतन चतुर्वेदी ब्लॉक प्रभारी ईश्वर चतुर्वेदी ब्लॉक उपाध्यक्ष योगेश बारले ब्लॉक कोषाध्यक्ष गजानंद टंडन ब्लॉक संगठन मंत्री सुनील बारले ब्लॉक महामंत्री जसवंत बघेल ब्लॉक सह सचिव आदित्य देशलहरे ब्लॉक संरक्षण संतोष गेंदले ब्लॉक महासचिव विश्राम दिवाकर ब्लॉक सचिव पिंटू देहरी ब्लॉक सलाहकार दौलत देशलहरे अविनाश मनोज अमित दिलीप साजा ब्लॉक संरक्षण विमल चेलक बीरेंद्र मंडले खिलेशवर टंडन ताराचंद चतुर्वेदी एवं सैकड़ों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए।

# साइकिल रैली से मतदाताओं को दिया गया मतदान करने का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में बरमकेला में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिस क्षेत्र में मतदाता प्रतिशत कम है विभिन्न कार्यक्रम कर बोट देह बर जाबो का संदेश देकर मतदाताओं को जागरूकता करने के लिए सायकल रैली के माध्यम से लोगों को अपील किया गया।**




नोडल अधिकारी पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला के प्राचार्य नरेश कुमार चौहान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला, नगर पंचायत, पशु विभाग, कृषि विभाग, डॉ.शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय बरमकेला के छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई। सर्वप्रथम यह रैली चांटीपाली दुर्गा मंदिर से रैली का शुभारंभ किया जो जनपद चौक, इंदिरा चौक, अटल चौक, बस स्टेशन, सुभाष चौक पहुंचकर शपथ लेकर रैली को समापन किया गया। इस रैली में शामिल होने के लिए भारी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक ने अपनी सहभागिता निभाई एक किलोमीटर दूरी तक रैली था जो की बरमकेला में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आकर्षण का केंद्र रहा। बरमकेला में रैली के दौरान शपथ लिया गया। पंचायत के नोडल अधिकारी और स्वीप कार्यक्रम प्रभारी हरिशंकर चौहान ने बताया कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य चुनावों में मतदाताओं को जागरूक करना है। किसी भी प्रकार के दबाव और भय से मुक्त करना है, ताकि मतदाता बिना किसी प्रलोभन के भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान कर सकें। मतदाताओं को चुनावों में आवश्यक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।







# कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र सत्य का आईना

## घोटालों की लंबी फेहरिस्त ही कांग्रेस सरकार की उपलब्धि

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

**भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक खिलावन साहू ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार व जनता से छल करने वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं है। एक भी वर्ग ऐसा नहीं है। जो भूपेश सरकार के कुशासन से पीड़ित व दु:खी न हो। घोटालों की लंबी फेहरिस्त ही नाकाम कांग्रेस सरकार की उपलब्धि है।**




भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्ट व पूर्णतः विफ ल छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है, उसका एक-एक शब्द सत्य का आईना है। जो भूपेश सरकार के काले चेहरे को उजागर कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ जारी भाजपा के आरोप पत्र पर पूर्व विधायक खिलावन साहू ने कहा कि भाजपा का आरोप पत्र कांग्रेस के काले कारनामों का दस्तावेज है। जिसे प्रदेश की जनता को बताना है। राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आते हैं लेकिन प्रदेश में महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, अनाचार की घटनाओं पर एक शब्द नहीं बोलते। पौने पांच साल के कांग्रेस के कुशासन में छत्तीसगढ़ में महिलायें असुरक्षित हो गयी है। लगातार दिल दहलाने वाली रोज हो रही घटनायें सच्चाई बयां कर रही है। जिस पर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी संवेदनहीन बना हुआ है।

> ** जिला में युवा, महिलाएं किसान, श्रमिक हर वर्ग दुःखी व पीड़ित, कांग्रेस की करनी व काले कारनामों का जनता जनार्दन देगी जवाब*
>
> ** राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, अनाचार पर एक शब्द नहीं बोलते कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी संवेदनहीन*

सक्ती विधानसभा के पूर्व विधायक खिलावन साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हो रहे लगातार घोटालों ने प्रदेश व जिले के विकास को अवरूद्ध कर दिया है। युवा, महिलायें, बुजुर्ग, किसान,श्रमिक सभी मौजूदा सरकार से परेशान हैं। झूठे वायदों की बुनियाद पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस ने जनता के सामने केवल झूठ ही परोसा है। बुजुर्गों को पेंशन, महिला स्वसहायता समूहों, किसानों की कर्ज माफी इसका जीवंत उदाहरण है। शराब घोटाला, गोठान घोटाला, चांवल घोटाला, गोबर घोटाला आदि की लंबी सूची है, जो प्रदेश की जनता के समक्ष है। सट्टा बाजी तक में कांग्रेस सरकार लिप्त है। भाजपा जिला सक्ती के पूर्व विधायक खिलावन साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार की करनी व कारनामे ही उसकी पराजय का कारण बनेंगे। जनता का विश्वास तोड़ने वाली कांग्रेस की सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता आसन्न विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। भाजपा ने प्रदेश में 15 साल के शासन में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाया था, कांग्रेस ने प्रदेश को बीमारु राज्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है, जो विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजय दिलायेगा।

# एम मानु पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## परीक्षा,खेल और सांस्कृतिक आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये विद्यार्थी पुरूस्कृत

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।




देवभोग स्थित एम मानु पब्लिक निजी स्कूल में बीते शुक्रवार को जन्माष्टमी थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें स्कूली विद्यार्थीयो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वही कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लता माहेश्वरी और नीता कश्यप बतौर अतिथि शामिल हुये।वही इस कार्यक्रम मे छात्र छात्राओ के पालक और स्कुल के प्राचार्य माण्डवी मिश्रा और संचालक हेमन्त मिश्रा सहित स्कूल के सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण के वेश में बच्चों के मनमोहक प्रस्तुतीयां

ऐसे तो एम मानु स्कुल में वर्ष भर में खेल,विज्ञान मेला,वार्षिक सम्मेलन के साथ-साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है मगर इस वर्ष स्कूली विद्यार्थीयो ने राधा और कृष्ण वेश में ऐसी प्रस्तुती दी की सहित दर्शको ने खुब सराहा। इस आयोजन मे भाग लेने वाले विद्यार्थीयो में राधा के वेष में तनिसा सारडा ने मनमोहक प्रस्तुती दी। वही नर्सरी राहुल अग्रवाल एलकेजी से चिराग यादव,यूकेजी से राहुल यादव,प्रथम से शशिकला बिसीए द्वितीय से गितेश और दिव्यांश माहेश्वरी, तृतीय से लक्ष्मी सिन्हा, चतुर्थ से हिमांशी बुब, पंचम से लोकेश बेहरा ने भाग लिया।

### कक्षा में अग्रणी दर्जनों विद्यार्थीयों को मिला पुरूस्कार

एम मानु पब्लिक स्कुल ने जन्माष्टमी के कार्यक्रम के अवसर पर कक्षा प्रथम से पंचम में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान रखने वाले विद्यार्थीयो को प्रशस्ती पत्र और मेडल देकर सम्मान किया। प्रथम से आराध्य मिश्रा प्रथम,शिवम डडसेना द्वितीय स्थान कक्षा द्वितीय से देव्यांश,आरोही और दिव्या क्रमः प्रथम द्वितीय तृतीय वही कक्षा तृतीय से मोहित सोना प्रथम और स्नेहा और परिनिती द्वितीय,कक्षा चौथी से अनुराग प्रथम,शकरेया द्वितीय और हिमांशी तृतीय और कक्षा पंचम से शिवज्ञा मिश्रा प्रथम और लोकेश बेहरा द्वितीय स्थान रखने से पुरूस्कृत किये गये है।

# छूटे हुए सभी नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवाएं-कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

## आयुष्मान भव योजना अभियान 16 सितंबर से 31 दिसंबर तक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भव अभियान की गतिविधियां जिले में मैदानी स्तर पर रविवार 17 सितंबर से 31 दिसंबर 2023 तक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और मितानिनों के माध्यम से किया जाएगा।**




कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि सभी व्यक्ति अपना आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाए। आयुष्मान ग्राम सभा में उपस्थित होकर स्वास्थ्य विभाग के प्रति अपने अधिकारों व कर्तव्यों को जाने तथा स्वास्थ्य मेला में सामान्य एवं गंभीर रूप से पीड़ित व्यक्तियों का उपचार में सहयोग प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने मीडिया को आयुष्मान भव योजना की पूरी जानकारी दी। पहले आयुष्मान भव आपके द्वार 3.0 वर्तमान में कुल 5 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। 82 हजार कार्ड बनकर आया हुआ है जिसे अभियान के दौरान घर-घर जाकर बांटा जाएगा। साथ ही जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका कार्ड बनाया जाएगा।

दूसरा आयुष्मान मेला - प्रत्येक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर स्तर पर प्रति सप्ताह आयुष्मान मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें सामान्य सहित नान कम्युनिकेबल बीमारियों के इलाज किया जाएगा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर लगने वाले स्वास्थ्य मेला में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना हेतु चिन्हांकित किया जाएगा।

तीसरे चरण में आयुष्मान ग्राम सभा- ग्राम पंचायत के द्वारा आयोजित ग्राम सभा में आयुष्मान ग्राम पंचायत बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी ग्राम पंचायत को कुष्ठ मुक्त बनाने, टीबी मुक्त बनाने और तंबाकू मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत के सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही साथ सिकलिन और बीपी शुगर के मरीजों को दवाई वितरण, समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता के रूप में की जाएगी।

जिसे स्वास्थ्य विभाग कायाकल्प अभियान के रूप में चलाएगा। शुक्रवार के दिन सुबह 8 से 10 बजे शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान का आयोजन होगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान, अंगदान पखवाड़ा का आयोजन कर जनजागरुक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भव अभियान का शुभारंभ 13 सितंबर 2023 को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा किया जा चुका है। इस अवसर पर जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे।

## शाहरुख खान की जवान की कमाई 700 करोड़ रुपये की ओर




सिनेमाघरों में इन दिनों शाहरुख खान की जवान का जलवा देखने को मिल रहा है।7 सितंबर को रिलीज होते ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है।जवान टिकट खिड़की पर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। हालांकि, सोमवार से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट लगातार जारी है।अब जवान की कमाई के 7वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म जवान ने अपनी रिलीज के 7वें दिन (बुधवार) 23.3 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने हिंदी में 21.5 करोड़ रुपये, तमिल में 95 लाख रुपये और तेलुगु में 85 करोड़ रुपये कमाए।अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 367.58 करोड़ रुपये हो गया है।



## मिनी स्कर्ट पहन केट शर्मा ने कराया हॉट फोटोशूट

### एक्ट्रेस की अदाएं देख नेटिजन्स हुए बेहाल

**टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा सिजलिंग और हॉट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर अपने होश खो बैठते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो सोशल मीडिया का पारा गर्म करती हुई दिखाई दे रही हैं।**

भोजपुरी सिनेमा और टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस केट शर्मा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने ब्लैक कलर की मिनी स्कर्ट और साथ ही व्हाइट क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक खतरनाक पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद जबरदस्त लग रहा है। बता दें कि केट हमेशा अपने हर अंदाज से लोगों का दिल जीत लेती हैं। केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स करते हैं। हालांकि इन तस्वीरों पर भी काफी लोग के लाइक्स आ चुके हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

## आलिया कुरैशी को अपनी ही फिल्म जवान के लिए नहीं मिला टिकट

**शाहरुख खान की फिल्म को रिलीज हुए छह दिन बीच चुके हैं, लेकिन फैंस का क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है। थिएटर्स में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। फिल्म हाउसफुल जा रही है, जिसके कारण टिकट मिलना भी मुश्किल हो गया है।**

खुद जवान एक्ट्रेस आलिया कुरैशी को अपनी फिल्म बड़े पर्दे पर देखने के लिए टिकट नहीं मिला। आलिया कुरैशी ने बताया कि शुरुआत में उन्हें 'जवान' देखने के लिए टिकट ही नहीं मिल रहा था। फिर उन्हें प्रोडक्शन टीम की तरफ से 10 टिकट दिए गए और वह अपने परिवार व दोस्तों के साथ फिल्म देखकर आईं। आलिया ने फिल्म में शाहरुख खान के गैंग की छठी महिला का किरदार निभाया है। बता दें कि फिल्म 'जवान' के लिए न केवल किंग खान बल्कि अन्य एक्टर्स को भी जनता खूब पसंद कर रही है। फिल्म में साउथ एक्टर विजय सेतुपति को विलेन दिखाया है और उनका किरदार दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। खुद आलिया भी उनकी बड़ी फैन हैं। आलिया ने बताया कि वह विजय की डाई हार्ड फैन हैं। आलिया कुरैशी ने कहा, मैं विजय सर को बहुत प्यार करती हूं, अगर कोई उनके बारे में थोड़ा भी बुरा कहेगा तो मैं मौत तक से लड़ जाऊंगी। आलिया ने विजय सेतुपति की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने साउथ एक्टर को विनम्र इंसान बताया है। एक्ट्रेस ने कहा, जब आप उनसे बात करेंगे तो आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आप किसी शानदार एक्टर या स्टार से बात कर रहे हैं। वह बहुत अच्छे, शांत और अपने आप में ही खास हैं। उनमें कोई दिखावा नहीं है। आलिया ने यह भी कहा कि शाहरुख खान और विजय सेतुपति के बीच की केमिस्ट्री शानदार थी।



## फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली का ट्रेलर जारी, भजन कुमार बनकर छाए विक्की कौशल

अभिनेता विक्की कौशल को पिछली बार सारा अली खान के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके में देखा गया था। आने वाले दिनों में वह कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। उन्हीं में से एक है फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली, जिससे जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।



जैसे कि इसके नाम से ही जाहिर होता है कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। ट्रेलर सामने आने के बाद इतना तो साफ हो गया है कि फिल्म कामेडी और इमोशन से भरपूर होने वाली है। इसकी कहानी परिवार के अटूट रिश्ते पर आधारित है।फिल्म विक्की के किरदार वेद व्यास त्रिपाठी उर्फ भजन कुमार और उनके अतरंगी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में मानुषी छिल्लर की झलक भी देखने को मिली, लेकिन इसके आकर्षण का केंद्र विक्की हैं। द ग्रेट इंडियन फैमिली यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म में विक्की और मानुषी के बीच रोमांस दिखाया जाएगा। इसके अलावा मनोज पाहवा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार भी इसका हिस्सा हैं।फिल्म का टीजर दर्शकों को बेहद पसंद आया था।

## जवान की तरह एनिमल का प्रचार करना चाहते हैं निर्माता, बताई रिलीज टालने की वजह

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इस साल के पहले दिन यानी नए साल के मौके पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुई था। पोस्टर में रणबीर के लुक ने सभी को फिल्म के लिए रोमांचित कर दिया।यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज दिसंबर तक के लिए टाल दी गई।अब निर्माता भूषण कुमार ने फिल्म के टलने की असल वजहों के बारे में बताया है।




भूषण ने फिल्म पर हो रहे काम और इसके टलने की वजहों पर बात की। उन्होंने कहा, एनिमल बहुत अच्छी फिल्म है, जिसे संदीप रेड्डी वांगा (निर्देशक) ने बनाया है। हम इसे 1 दिसंबर को रिलीज करेंगे। हमे इसकी रिलीज टालनी पड़ी थी, क्योंकि इस पर कुछ काम बाकी था।चर्चा थी कि फिल्म बचे हुए काम के अलावा, शाहरुख खान की जवान के साथ दूरी बनाने के लिए भी टाली गई थी।

## अक्षय की फिल्म मिशन रानीगंज में दिखेगा कमाल का वीएफएक्स, खर्च हुए करोड़ों रुपये

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। मिशन रानीगंज उन्हीं फिल्मों में शुमार है। पिछले कुछ दिनों से उनकी यह फिल्म लगातार चर्चा में है।फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे।




अब खबर है कि इस फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स देखने को मिलेगा, जो फिल्म देखने के अनुभव को और खास बना देगा।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह फिल्म वीएफएक्स से लबरेज होगी। इससे दृश्य और प्रभावी हो जाएंगे। अक्षय की पिछली फिल्मों हाउसफुल 4 और 2.ह की तरह ही इसका वीएफएक्स होने वाला है।फिल्म में तकरीबन 1300 वीएफएक्स शॉट्स हैं। बीते ढाई महीनों से निर्माता कई कंपनियों से इसके वीएफएक्स और कंप्यूटर ग्राफिक्स पर काम करवा रहे हैं। इन कंपनियों को काम खत्म करने के लिए 22 सितंबर की आखिरी तारीख दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का कुल 45 मिनट का फुटेज करीब ढाई महीने पहले ही वीएफएक्स कंपनियों के पास आ गया था। इसकी शूटिंग पिछले साल ही पूरी हो चुकी थी।इस पर 6-8 करोड़ के आस-पास खर्च आया है। फिल्म का काम कैसा चल रहा है, यह देखने के लिए निर्देशक टीनू सुरेश देसाई और निर्माता जैकी भगनानी बीच-बीच में वीएफएक्स कंपनी का दौरा करते रहते हैं।

# खेल



**कोलंबो।** टीम इंडिया को एशिया कप-2023 के आखिरी सुपर-4 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। टीम को टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी बांग्लादेश ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हराया। बांग्लादेशी टीम ने इस टूर्नामेंट में भारत पर 2012 के बाद जीत हासिल की है। यह भारत की टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में पहली हार है, हालांकि इस मैच की हार-जीत से टूर्नामेंट पर फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि भारतीय टीम पहले ही फाइनल में एंट्री कर चुकी है। अब 17 सितंबर को टीम का सामना डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका से होगा।

### बांग्लादेश ने भारत को 6 रन से हराया

## एशिया कप में 2012 के बाद इंडिया से जीते, मुश्तफिजुर ने पलटा पासा

भारत-बांग्लादेश के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में मुकाबला खेला गया था। भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 265 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में 259 रन पर ऑलआउट हो गई।

आखिरी 18 बॉल में भारतीय टीम को 31 रनों की जरूरत थी। अक्षर पटेल और शार्दूल ठाकुर खेल रहे थे। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले। एक समय टीम को 12 बॉल पर 17 रन चाहिए थे। ऐसे में बांग्लादेशी कप्तान शाकिब अल हसन ने मुश्तफिजुर रहमान को बॉल थमा दी। रहमान ने 49वें ओवर की पहली बॉल पर शार्दूल ठाकुर और चौथी बॉल पर अक्षर पटेल का विकेट लेकर मैच का रुख वापस बांग्लादेश की ओर कर दिया।



**गिल का 5वां शतक**

रन 121 | गेंद 133 | स्ट्राइक रेट 90.98 | 4/6 : 8/5

**बड़े खिलाड़ी नहीं उतरे**

भारतीय टीम ने पहले ही फाइनल में एंट्री कर ली थी। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का फैसला लिया और टीम में 5 बदलाव किए गए। विराट, हार्दिक, बुमराह, सिराज और कुलदीप जैसे बड़े प्लेयर्स को आराम दिया गया, जबकि तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और शार्दूल को मौका मिला।

शाकिब-तौहीद की पार्टनरशिप नहीं तोड़ सके 59 रन पर चार विकेट हासिल करने के बाद भारतीय गेंदबाज बीच के ओवर्स में कप्तान शाकिब अल हसन और तौहीद हृदॉय की पार्टनरशिप नहीं तोड़ सके। दोनों ने शतकीय साझेदारी की, जिसने बांग्लादेशी बैटर्स से दबाव हटाया और टीम ने 265 रन का स्कोर खड़ा किया।

अकेले पड़ गए गिल टारगेट चेज करते हुए शुभमन गिल ने 121 रन की शतकीय पारी खेली। वे एक छोर पर टिके रहे, जबकि दूसरी ओर से थोड़ी-थोड़ी देर में विकेट गिरते रहे। मुस्ताफिजुर का 49वां ओवर 49वां ओवर लेकर आए मुश्तफिजुर रहमान ने भारत से जीत छीन ली।

### एक नजर

## अक्षर पटेल एशिया कप के फाइनल से बाहर

### वॉशिंगटन सुंदर को कोलंबो बुलाया गया, भारत और श्रीलंका के बीच 17 सितंबर को फाइनल

**कोलंबो।** ऑलराउंडर अक्षर पटेल चोटिल हो गए हैं। उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को कोलंबो में बुलाया गया है। दरअसल टीम इंडिया को एशिया कप के फाइनल में 17 सितंबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ भिड़ना है। वहीं शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सुपर-4 के आखिरी मैच में अक्षर पटेल चोटिल हो गए थे। उन्हें निगल इंजरी हुई है। श्रीलंका के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के लिए उपलब्ध रहना मुश्किल है।



### अक्षर पटेल को एशिया कप में दो मैचों में मिला मौका

अक्षर पटेल को एशिया कप के सुपर-फोर के दो मैचों में प्लेइंग इलेवन में मौका मिला। उन्होंने 34 की औसत से 68 रन बनाने के साथ ही 1 विकेट भी लिए हैं।

## 7वीं बार 400+ बनाकर जीता साउथ अफ्रीका

### ऑस्ट्रेलिया को 164 रन से हराया; क्लासेन ने 83 बॉल पर बनाए 174 रन

हेनरिक क्लासेन की विस्टफोटक पारी के दम पर साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 164 रन से हरा दिया। वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में जीत के साथ 5 वनडे की सीरीज 2-2 से बराबरी पर आ गई है। 5वां वनडे 17 सितंबर को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।




सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 416 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 34.5 ओवर में 252 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। महज 83 बॉल पर 174 रन बनाने वाले साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### सबसे ज्यादा बार 400+ का स्कोर बनाने वाली टीम

साउथ अफ्रीका वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा बार 400+ का स्कोर बनाने वाली टीम बनी। टीम ने 7वीं बार 400+ का स्कोर खड़ा किया है। साउथ अफ्रीका ने भारत को पीछे छोड़ा, टीम इंडिया ने 6 बार वनडे में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं।

### टीम इंडिया 5 साल बाद जीत सकती है मेजर टूर्नामेंट

## 2018 में एशिया कप में ही मिली थी आखिरी कामयाबी, पिछले 10 साल में 4 फाइनल हारे

भारतीय टीम रविवार को उस इंतजार को खत्म कर सकती है जो उसके फैंस पिछले पांच साल से कर रहे हैं। क्रिकेट के किसी मेजर टूर्नामेंट में खिताबी जीत का इंतजार। इस दिन 16वें एशिया कप के फाइनल में भारत का सामना कोलंबो में श्रीलंका से होना है। भारतीय टीम आखिरी बार 2018 में किसी मेजर ट्रॉफी को अपने नाम करने में कामयाब हुई थी। तब हमारी टीम ने UAE में खेले गए 14वें एशिया कप में खिताब जीता था। इसके बाद से भारत इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के 5 और एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) के 1 इवेंट में हिस्सा ले चुका है और इनमें से एक में भी हमारी टीम चैंपियन नहीं बन सकी। ICC और ACC के मेगा इवेंट ही क्रिकेट के मेजर टूर्नामेंट कहलाते हैं। टीम इंडिया ने 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ICC की चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। तब से टीम इंडिया ने ICC और ACC के कुल 13 टूर्नामेंट खेल लिए, लेकिन सफलता 2 बार एशिया कप में ही मिल सकी। भारत ने 2016 और 2018 में एशिया कप का खिताब जीता था।




2014 में बांग्लादेश में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची। 2016 में अपनी मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में भारत का सफर सेमीफाइनल में थम गया। 2021 में UAE में टी-20 वर्ल्ड कप हुआ।

### डायमंड लीग फाइनल्स 2023

## नीरज अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे, जैकब और एंडरसन से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद

टोक्यो ओलिंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा आज देर रात डायमंड लीग 2023 फाइनल में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। डायमंड लीग 2023 फाइनल अमेरिका के यूजीन शहर में खेला जाएगा। नीरज का मुकाबला आज देर रात 1ः50 बजे होगा।

स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर में लीग की 11वीं मीट में नीरज 85.71 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। चोपड़ा मौजूदा डायमंड लीग मेंस जेवलिन थ्रो चैम्पियन हैं, उन्होंने 2022 में ये ट्रॉफी जीती थी।



मेंस के लॉन्ग जंप में मुरली श्रीशंकर और 3000 मीटर स्टीपलचेज में अविनाश साबले ने भी अपने-अपने इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने 23 सितंबर से चीन में होने वाले एशियन गेम्स पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यूजीन प्रतियोगिता से अपना नाम वापस लेने का फैसला किया। नीरज एक साथ ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप दोनों का गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उन्होंने 2021 में हुए टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीता था। भारत ओलिंपिक में साल 1900 से शिरकत कर रहा है, लेकिन ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में नीरज से पहले किसी भारतीय ने गोल्ड छोड़िए किसी भी कलर का मेडल नहीं जीता था।

# चोरी की पिकअप में 2 टन चोरी की सरिया के साथ आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कोतवाली पुलिस को 2 दिन पहले ग्राम नया लाखा से चोरी हुई पिकअप के आरोपी को पिकअप वाहन तथा चोरी के 2 टन लोहा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर पिकअप वाहन की चोरी किया फि र तीनों स्थानीय बेजलोन प्लांट लोहा चोरी के लिये गये जहां प्लांट के टूटी दीवाल को बनाने रखे हुये 15-16 नग सरिया का बना बीम को चोरी कर वाहन में लोडकर भाग गये थे। पिकअप चोरी को लेकर 14 सितंबर को थाना कोतवाली में ग्राम नया लाखा में रहने वाले संदीप शर्मा उम्र 50 वर्ष द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया




गया कि इसकी पंजीकृत पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 6825 को रोज की तरह 13 सितंबर 2023 की रात घर के सामने खडा किया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी धारा 379 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में दिया गया। माल मुल्जिम की पतासाजी के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा स्थानीय मुखबिर को सूचना के लिए सक्रिय किया गया कि इसी बीच मुखबिर द्वारा नया लाखा में रहने वाले करन चौहान और उसके दोस्तों की गतिविधियां संदिग्ध होने के संबंध में कोतवाली पुलिस को सूचना दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव के हमाराह स्टाफ संदेहियों की पतासाजी में लगाये। कोतवाली पुलिस द्वारा संदेही करन चौहान और उसके दोस्तों के ठिकानों पर दबिश दिया गया जिसमें संदेही करण उर्फ करण चौहान पुलिस के हाथ आया जिसे पिकअप चोरी के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर करण चौहान ने बताया कि वह और उसके अन्य दो अन्य साथी प्लान बनाकर 13 सितंबर के रात्रि नया लाखा से पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 6825 को चोरी कर चिराईपानी के बेजलोन प्लांट लोहा चोरी के लिये गयेए जहां पर प्लांट के एक टूटी दीवाल को बनाने के लिये रखा हुआ 15-16 नग सरिया का बना बीम को चोरी कर वाहन में लोड़कर चिराईपानी होते आ रहे थे कि रास्ते में वाहन का डीजल खत्म होने से वाहन को जंगल में छुपा कर खड़ी कर दिए। आरोपी करन चौहान ने बताया कि इनका प्लान चोरी किये हुये पिकअप और चोरी लोहे को बेचकर रुपए को आपस में बांटने का था पर आरोपियों का प्लान सफल नहीं हो पाया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी करन चौहान के निशानदेही पर पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 6825 तथा सरिया बिम वजन करीब 2 टन कीमत डेढ़ लाख रुपये जुमला 3 लाख रुपए का जप्त कर आरोपी करण उर्फ करन चौहान पिता स्वर्गीय अरुण चौहान उम्र 21 साल निवासी ग्राम लुडेग छोटे गोटियापारा थाना पत्थलगांव जिला जशपुर हाल मुकाम नया लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं आरोपी के साथी दो अन्य आरोपियों की कोतवाली पुलिस सरगार्मी से तलाश कर रही है। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर माल मुलाजिम की पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, जगन्नाथ साहू, अजय साय, धनीराम सिदार, हेतराम सिदार की अहम भूमिका रही है।

## एक नजर

### हाथी कोई समस्या नहीं बल्कि संरक्षित वन का आवश्यक अंगः प्रभात दुबे

**कोरबा** । सर्वप्रथम हम सबको यह समझना होगा कि हाथी कोई समस्या नहीं बल्कि संरक्षित वन का आवश्यक अंग है। कुछ दिनों से हाथी मानव.द्वंद्व की बात सामने आई है उसे वन अधिकारियों को समझकर आम लोगो को भी समझाना होगा। एक से दूसरे जंगल में खदेड़ना किसी समस्या का समाधान नहीं। हाथियों के भोजन, रहवास व प्रजनन संबंधी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए उन्हे सुरक्षा प्रदान करने में समझदारी है। इसके लिए वनमंडल व वन परिक्षेत्र के अधिकारियों में आपसी तालमेल आवश्यक है।

यह बात सरगुजा से पहुंचे हाथी विशेषज्ञ प्रभात दुबे ने गजराज प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान कटघोरा वनमंडल के सभागार में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से कही। उन्होने वन परिक्षेत्र के बीट में कार्यरत वनपालों को हाथियों को वन परिक्षेत्र में रोके रखने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होने कहा कि हाथी से सतर्क रहने के लिए ग्रामीणों को तभी कहा जाता है जब दल गांव के निकट आ जाती है। ऐसी परिस्थिति में लोगों में हड़कंप मच जाता है। इसके अलावा कौतूहलश हाथी को देखने के लिए भीड़ लग जाती है। इस तरह की समस्या से बचने के लिए सामान्य दिनों भी लोगों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

### शराब में मिलावटखोरी का मामला आया सामने

**कोरबा-रायपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में आबकारी और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से दबिश देकर यहां शराब में पानी मिलाकर बेचने का मामला पकड़ा है।

जिले में शराब में मिलावटखोरी की मिल रही लगातार शिकायतों के आधार पर आबकारी अमले की टीम ने कुछ पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में दबिश दी। सूचनाओं के मुताबिक अमले के द्वारा अपने साथ एक मापक यंत्र भी रखा गया था जिसके द्वारा अंग्रेजी शराब में की गई मिलावट की जांच मौके पर ही की गई। जिन शराब की बोतलों में पानी मिलाया गया था, उसे अलग रखा गया और लगभग तीन से चार पेटी मिलावटी शराब यहां से अमले ने बरामद कर जप्त किया है। हालांकि इस मामले में विभागीय तौर पर कोई भी जानकारी साझा नहीं की जा रही है। जिससे पूरे प्रकरण की जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस तरह की कार्यवाही से मिलावटी शराब बेच रहे सेल्समैन और उनके संरक्षकों में हड़कंप मच गया है।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**भिलाई-रायपुर** । दुर्ग जिले के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना आईटीआई ग्राउंड की है। यहां शुक्रवार देर रात कुछ बदमाशों ने मिलकर दुर्गा मंदिर खुर्सीपार निवासी मलकीत सिंह की जमकर पिटाई कर दी थी। मलकीत के अधमरा होने तथा बेहोश होने पर आरोपी वहां से भाग निकले। हमलावरों की संख्या पांच से छह बताई जा रही है। बुरी तरह से घायल मलकीत को सबसे पहले सुपेला अस्पताल भेजा गया, वहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। रायपुर के एक निजी अस्पताल में मलकीत की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। खुर्सीपार पुलिस ने 6 संदेहियों की पहचान की है और उनकी खोजबीन कर रही है।

### ट्रक में लोड माल को बेचकर चालक व हेल्पर फरार

**रायपुर** । ट्रक में लोड स्पंज आयरन को चालक व हेल्पर ने बेच दिया और ट्रक को छोड़कर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमन दीप 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि राउलकेला से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलपी 8777 से चालक व हेल्पर 7 लाख का स्पंज आयरन लेकर गोगांव के पंकज इस्पात के लिए निकला था। जिससे चालक व हेल्पर ने लोड स्पंज आयरन को बेच दिया और खाली ट्रक को कंपनी के सामने खड़ी कर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 381, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नहर पार में खड़ी बाइक पार

**रायपुर** । ग्राम बनरसी नहर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल शाह 32 वर्ष शारदा विहार कालोनी माना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एच 0762 को बनरसी नहर पार के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। .

# सड़क पर पंडाल-बैनर पोस्टर लगाने वाले और अवैध विद्युत कनेक्शन पर होगी कार्यवाही

## पूजा समितियों को नियमों का पालन करने के निर्देश

**कोरबा** । कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला पुलिस अधीक्षक उदय किरण, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश नाग, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, तहसीलदार अमित केरकेट्टा की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी और 28 सितंबर को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी), अनंत चतुर्दशी, भगत सिंह जयंती को शांति पूर्वक मनाए जाने हेतु आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में हमेशा की तरह सभी पर्व को शान्ति और सौहार्दपूर्ण मनाया जाए। किसी के धार्मिक भावनाओं को आघात पहुचाने और समाज को भड़काने वाले कार्य न किए जाए। जिले की शांति व्यवस्था और सदभावनापूर्ण माहौल को खराब करने वालों पर कड़ी कार्यवाही का निर्णय लिया गया।

शान्ति समिति की बैठक में गणेश प्रतिमा के विसर्जन को लेकर समितियों को निर्देशित किया गया कि विसर्जन से पूर्व वे नियमानुसार सूचना और अनुमति अपने क्षेत्र के एसडीएम से लेवें। इस दौरान विसर्जन रुट और स्थल की जानकारी भी दें, प्रतिमा की ऊँचाई भी बहुत ज्यादा न हो, ताकि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि आवागमन वाले सड़कों पर पंडाल न लगाई जाए।

# शादी का प्रलोभन देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गया जेल

*पीड़ित युवती की लिखित शिकायत पर थाना लैलूंगा तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार*

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

थाना लैलूंगा में 15 सितंबर को स्थानीय युवती ने थानाक्षेत्र के रहने वाले मनोज नागवंशी 30 साल पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला संबंधी अपराध पर संवेदनशीलता बरतते हुये थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा तत्काल पीड़िता के रिपोर्ट से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा अपराध पंजीबद्ध कर महिला पुलिस अधिकारी से पीड़िता का बयान दर्ज कराये। पीड़िता ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व अप्रैल 2022 में मनोज



नागवंशी उसे शादी का प्रलोभन देकर बहला फु सलाकर घर से भगाकर गेरवानी ले गया। जहां दोनों मजदूरी का काम करते थे, मनोज इसे पत्नी की तरह रखकर शारीरिक संबंध बनाता था। बीते जुलाई माह में मनोज को शादी कर गांव घर में रखने की बात कहने पर शादी करने से इंकार कर मनोज इसे गेरवानी के किराये मकान से झगड़ा विवाद कर घर से भगा दिया। तब गांव आयी और अपने परिवारवालों को बतायी तथा थाने में मनोज नागवंशी पर कड़ी कार्रवाई करने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के आवेदन पर आरोपी मनोज नागवंशी पर दुष्कर्म समेत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिये अलग-अलग टीमों के साथ ग्राम गेरवानी व लैलूंगा के कई स्थानों पर दबिश आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी मनोज नागवंश/समार साय नागवंशी उम्र 30 वर्ष पीड़िता को शादी करने की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार किया है। आरोपी का मेडिकल कराकर आरोपी का ज्युडिसियल रिमांड लेने रायगढ़ न्यायालय रिमांड पर भेजा गया। जहां से जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।

# भू-विस्थापित किसानों को पट्टा देने और पूर्व में अधिग्रहित जमीन को मूल किसानों को लौटाने की मांग की माकपा ने

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

शहरी निकाय क्षेत्रों में नजूल भूमि पर बसे लोगों को भू-स्वामी पट्टा देने के कांग्रेस राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पुनर्वास गांवों में बसाये गए भू-विस्थापित किसानों को भी पट्टा देने, पूर्व में अधिग्रहित भूमि को मूल भू-स्वामी किसानों को लौटाने की मांग के साथ ही जिन विस्थापितों को पुनर्वास सुविधा नहीं मिली है। उन्हें बुनियादी




सुविधाओं के साथ पुनर्वास देने की भी मांग की है। आज यहां जारी एक बयान में माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा है कि माकपा शुरू से ही भूमिहीनों को भूमि तथा आवासहीनों को आवास देने की मांग पर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस की निगम सरकार को माकपा ने इसी शर्त पर समर्थन दिया था कि वह भूमि, आवास और संपत्ति कर जैसे मुद्दों पर गरीबों की समस्या हल करेगी। इस मुद्दे पर माकपा के पिछले दस सालों के लगातार संघर्ष का नतीजा है कि राज्य सरकार को जनहित में यह फैसला लेना पड़ा है। अब माकपा यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य सरकार का यह फैसला केवल चुनावी फैसला बनकर न रह जाए। माकपा नेता ने कहा कि कोरबा में 13000 हेक्टेयर भूमि पर 1.75 लाख से ज्यादा गरीब परिवार आवास बनाकर काबिज है। इसमें कोरबा नगर निगम में शामिल कच्ची बस्तियों में रह रहे हजारों परिवार भी सम्मिलित हैं। इससे स्पष्ट है कि पिछले 50 वर्षों के कांग्रेस भाजपा राज में उद्योगों के नाम पर जरूरत से ज्यादा भूमि अधिग्रहित की गई है। इस जबरन अधिग्रहण का शिकार गरीब किसान हुए हैं, जो आज भी मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार के लिए माकपा और किसान सभा के झंडे तले संघर्ष कर रहे हैं। जब किसानों की जबरन अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए जा रहे हैंए तो पुनर्वास गांवों के हजारों भू.विस्थापित किसानों को पट्टों से वंचित रखना समझ के परे हैं। माकपा ने भू.विस्थापित किसानों को भी काबिज भूमि का पट्टा देने तथा उद्योगों के नाम पर पूर्व में अधिग्रहित भूमि को मूल भू स्वामी किसानों को लौटाने के साथ ही जिन विस्थापितों को पुनर्वास नहीं मिला है, उन्हें बुनियादी मानवीय सुविधाओं के साथ पुनर्वास देने की मांग की है। झा ने बताया कि भू-विस्थापित किसानों की इन मांगों को लेकर माकपा जल्द संघर्ष तेज करने की योजना बना रही है।

# अवैध कच्ची महुआ शराब पर लगातार कार्यवाही, दो अलग-अलग जगहों पर कार्यवाही

## 104 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित 02 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रतनपुर पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के द्वारा अवैध नशे के कारोबार तथा नशे से निजात हेतु सभी थानों को अभियान चलाकर अवैध नशे पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधीकारी कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना रतनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध नशे के खिलाफ धर पकड़ अभियान लगातार चलाया जा रहा है कि आज दिनांक 19 सितंबर 2023 को ग्राम बिरगहनी रतनपुर में संतोष कुमार गंर्धव के द्वारा अवैध शराब बेचने की सूचना पर मौके पर तस्दीक कार्यवाही हेतु संतोष कुमार गंर्धव पिता





स्व.घासीराम गंर्धव के घर में दबिश दिया संतोष कुमार गंर्धव के बाड़ी में 20 लीटर वाली प्लास्टिक के डिब्बा में 14 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया और वंही ग्राम जाली में संगीता नेताम नामक महिला घर में भारी मात्रा में बिक्री हेतु शराब रखने की सूचना पर थाना महिला बल के साथ ग्राम जाली संगीता नेताम के घर में दबिश देकर तस्दीक किया जो संगीता नेताम के घर से 06 नग प्लास्टिक की 15 लीटर वाली जेरिकेन में 90 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 05 नग 10 लीटर वाली जेरिकेन में 50 कि.ग्रा. महुआ लहान को जप्त कर दोनो आरोपीयों के विरूद्ध धारा 34;2, आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

*थाना रतनपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध लोगों में जागरूकता तथा अवैध नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही जारी है गिरफ्तार आरोपी 01 संतोष कुमार गंर्धव पिता स्व.घासीराम गंर्धव उम्र 49 साल निवासी कहरापारा रतनपुर 02 सुनीता नेताम पति भवंर सिंह नेताम उम्र 35 साल निवासी ग्राम जाली रतनपुर थाना रतनपुर, एक 20 लीटर के पीले रंग के प्लास्टिक के डिब्बे 14 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2800, प्लास्टिक की 06 नग 15 लीटर वाली जेरिकेन में 90 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 05 नग 10 लीटर वाली जेरिकेन में 50 किग्रा. महुआ लहान कीमती 18000।*

# नगर पालिका के संयुक्त टीम ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रेंजर्स नामक एक टीम बनाई गई है जिस टीम के कप्तान नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे हैं वही इस टीम के ब्रांड एंबेसडर उपाध्यक्ष कन्हैया यादव हैं इस टीम का मुख्य उद्देश्य पूरे नगर में जनता को स्वच्छता के लिए जागरूक करना है

## इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत



स्वच्छता पखवाड़ाचलाया जा रहा है जो की 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक निरंतर चलते रहेगा इस अभियान में आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष घनश्याम रात्र,उपाध्यक्ष कन्हैया यादव एवं सभी पार्षद गण के साथ स्वछता टीम जिसमें नगर पालिका के स्वच्छता अभियान चलाने वाले एनजीओ और स्वच्छता दीदीयो ने सुबह महामाया मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया महामाया मैदान में पड़े कुड़े करकट और प्लास्टिक कचरे को उठाकर सफाई किया उसके बाद शहिद नूतन सोनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रतनपुर में शिक्षक एवं सभी बच्चों के साथ नगर पालिका स्वछता टीम एवं रिक्शा से कचरा कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदीयो और जन प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने रतनपुर शहीद नूतन सोनी हाई स्कूल मैदान में स्वच्छता शपथ लेने के बाद पूरे मैदान की साफ-सफाई की, उसके बाद नगर के मुख्य मार्ग पर रैली निकाल कर भ्रमण करते हुए लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया एवं लोगों को स्वच्छता के बारे में जागृत करते हुए लोगों से अपील की गई की नगर को स्वच्छ रखें और अपने आसपास के वातावरण को भी साफ सुथरा करने के लिए इस स्वच्छता अभियान में जुड़कर सहयोग करेंए अध्यक्ष घनश्याम रात्रे और उपाध्यक्ष कन्हैया यादव ने नगर के लोगों से अपील की 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ और साफ बनाने के लिए इस अभियान में जुड़ने के लिए अपील की है।



# अंचल के विभिन्न नदी नालों में बाढ़ आपदा के दौरान पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के अमले द्वारा किया जा रहा राहत व बचाव

## किसी प्रकार की घटना होने की सूचना तत्काल समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर दें

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षकभावना गुप्ता भापुसे के द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने एवं बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुंचाने हेतु निर्देश दिये गये है। जिसके तहत 16 सितंबर 2023 को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपसी समन्वय स्थापित कर बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं। बेमेतरा पुलिस के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है और ऐसे मार्ग जो बाढ़ की वजह से अवरुद्ध हैं वहां लोक निर्माण विभाग के सहयोग से बेरीकेट लगाकर एवम पुलिस बल लगाकर लोगों को रोका जा रहा है। बेमेतरा पुलिस की जिले वासियों से अपील नदी नालों, पुराने पुल.पुलिया आदि को पार करते समय सावधानी रखें साथ ही आपदा की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 में इसकीय् सूचना दें।

### आमजन आपदा के समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान दें

घर एवं आस-पास के बिजली कनेक्शन काट देने चाहिए अन्यथा करेंट पानी के माध्यम से फैल सकता है। जीव.जन्तुओं के साथ मानव जीवन भी प्रभावित हो सकता है।

* पुलिस और प्रशासन को परिस्थिति से लगातार अवगत कराते रहना है ताकि अचानक खतरा स्थिति न बन पायें।
* बाढ़ की थोड़ी भी आशंका हो या जल स्तर लगातार बढ़ रहा हों तो किसी ऊंचे या सुरक्षित स्थान पर जाने का प्रयास तुरंत करना चाहिए। स्थितियों के बिगडने का इंतजार नहीं करना चाहिए।
* बहुत जरूरी आवश्यक समानों को किसी ऊंचे व सुरक्षित स्थान पर रखने का प्रयास करें जिससे प्रभाव को कम किया जा सके।
* तेज बहाव वाले जगहो से पर करने का प्रयास न करें। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को सूचना देए तुरंत सुरक्षित तरीके से बाहर निकले।
* बाढ क्षेत्रों में वाहनों का प्रयोग यथा संभव न करें।
* खाने-पीने की यथा संभव प्रबंध करना चाहिए या प्रशासनिक अधिकारियों से सहायता लेनें का प्रयास करना चाहिए।
* लगातार संपर्क बनाये रखना चाहिये।
* तेज बहाव में मोटर सायकल व अन्य वाहन को चलाने से बचें।
* बिजली के खम्भों एवं अन्य बिजली के उपकरणों से दूर रहें।
* बिना सुरक्षात्मक उपकरण के किसी भी बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को बचाने का प्रयास न करें। इससे स्वयं को खतरा हो सकता है।
* प्रशासन के दिशा.निर्देशों की अवहेलना ना करें।

जहां रोड, पुलिया बंद किया गया है वहां जबरदस्ती पार होने का प्रयास ना करें।

* सुरक्षित स्थान पर बने रहना चाहिये।

पुलिस विभाग एवम जिला प्रशासन संयुक्त रूप से आपसी समन्वय स्थापित कर बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं। बेमेतरा पुलिस की जिले वासियों से अपील नदी नालों, पुराने पुल पुलिया आदि को पार करते समय सावधानियां रखें, साथ ही आपदा की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 में इसकी सूचना दें।



# एक नजर

## अवकाश के दिनों में भी होगा कृषकों का डाटा कैरी फारवर्ड/ पंजीयन

### कलेक्टर ने आगामी 24 तारीख तक शतप्रतिशत कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड/ पंजीयन करने कहा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर पीएस एल्मा ने खरीफ वर्ष 2023-24 अंतर्गत धान उपार्जन तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत आदान अनुदान प्राप्त करने हेतु शतप्रतिशत कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड /पंजीयन करने हेतु शासकीय अवकाश दिवसों में भी कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड/ पंजीयन करने के निर्देश संबंधित उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, नोडल अधिकारी को दिये है। उन्होंने विगत 15 सितंबर को संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख कर शतप्रतिशत कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड/ पंजीयन सुनिश्चित करने कहा है। बीते 15 सितंबर की स्थिति में जिले में कुल पंजीकृत 152113 कृषको के विरुद्ध 56842 कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड हुआ है जो बहुत कम है। कलेक्टर एल्मा ने इसी को ध्यान में रखते हुए। अवकाश के दिनों में भी समस्त सेवा सहकारी समितियो में कृषक पंजीयन डाटा कैरी फारवर्ड का कार्य संपादित कराते हुए दिनांक आगामी 24 तारीख तक शतप्रतिशत कृषको का डाटा कैरी फारवर्ड कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## निगम क्षेत्र मे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का शुभारंभ

### स्वच्छता टीम ने मार्केट क्षेत्र में निकाली रैली जनभागीदारी जरूरी - नीरज पाल

**भिलाई** । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात की गई, मुख्य आयोजन गुरूनानक सरोवर नेहरू नगर में किया गया। लोगों को जागरूक करने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में रैली निकाला गया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूवात करते हुए महापौर नीरज पाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न कार्य है, शरीर स्वच्छ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उसी प्रकार शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक स्वस्थ रहेगें। शहर की हवा शुद्व रहेगी। नगर की स्वच्छता जन भागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता। गुरूनानक सरोवर (भेलवा तालाब) नेहरू नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महापौर नीरज पाल स्वास्थ प्रभारी लक्ष्मीपति राजू प्रभारी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ सरोवर के चारो ओर झाड़ू लगाकर किया तथा सफाई मित्रो के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किये।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के आधार पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किये जाने जोन आयुक्तों को कहा है। इधर शहर के सबसे व्यवस्तम बाजार क्षेत्र पावर हाउस में सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने प्लास्टिक के विक्रय को बंद करने जनचेतना के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन 03 के आयुक्त, जोन के सफाई टीम के साथ पुराना रोजगार कार्यालय पावर हाउस परिसर से रैली निकालकर जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, नंदनी रोड संत रविदास नगर लिंक रोड मार्केट का भ्रमण कर प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर, पर्यावरण की रक्षा करने, सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जागरूकता लाने नारे लगाते हुए रैली निकाला। स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। 18 से 25 सितम्बर तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, 15 से 30 सितम्बर तक स्वच्छता ही सेवा सफाई अभियान तथा 1 व 2 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस को त्यौहार के रूप में मनाये जाने के निर्देश है। कार्यक्रमों में महापौर, पार्षद, छात्र छात्रायें, स्वच्छता मित्र, शहर के नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। रैली मे जोन आयुक्त स्वास्थ अधिकारी, जोन स्वास्थ अधिकारी, स्वास्थ सुपरवाइजर, सफाई मित्र भी शामिल हुए।

## यौगिक जीवनशैली पर सेमिनार आयोजित

**रायपुर** । यौगिक जीवनशैली विषय पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सेमिनार का आयोजन किया गया। स्थानीय गुडविल्स अस्पताल में छ्त्तीसगढ़ी महिला समाज और डाक्टर आन स्ट्रीट (दोस्त) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सेमिनार में मनुष्य की जीवनशैली में योग के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। दोस्त संस्था के संयोजक सुनील शर्मा ने आज यहाँ बताया कि गुरुवार को आयोजित सेमिनार में प्रमुख वक्ता के रूप में आइसलैंड की आनंद कौस्तुभा दीदी ने अपने विचार व्यक्त किए। आनंद कौस्तुभा ने कहा कि जीवन में यौगिक पद्धति को शामिल करके हम अपनी इच्छा शक्ति का विकास कर सकते हैं। भोजन में विभिन्न सात्विक और पौष्टिक तत्वों का ध्यान रखकर हम अपने मन को दिशा दे सकते है । कुछ समय के लिये मौन का अभ्यास हमारे चित्त को शांत करता है । उन्होंने यह भी कहा कि योग मानव जीवन को अनंत चेतना से जोड़ने की विधि सिखाता है । ध्यान (मेडिटेशन) में सबसे बड़ी बाधा हमारे मन के अनियंत्रित विचार हैं , जिनको यौगिक जीवनशैली और विधियों से सही दिशा दी जा सकती है ।

# सगे भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा बेलगहना पुलिस के हत्थे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।








बेलगहना चौकी प्रभारी को मोबाइल से सूचना मिला की ग्राम छतौना में एक भाई दूसरे भाई को मारकर हत्या कर दिया है। मौके पर मर्ग इंटिमेशन चाक कर जांच पंचनामा कार्रवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये घटना की सूचना बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियो के दिशानिर्देश में टीम गठित कर आरोपी जयलाल भानू पिता स्व भरत भानू उम्र 30 निवासी ग्राम छतौना का पतासाजी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसे पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी जयलाल भानु अपने भाई के साथ भाभी को घर से निकाल कह कर विवाद कर रहा था विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपने भाई शत्रुघ्न भानु की हत्या कर दी सूचना पर बेलगहना चौकी पुलिस जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश साहू, प्रआर रुद्रशंकर तिवारी घनश्याम आडिल, आरक्षक ईश्वर नेताम, सत्येंद्र राजपूत का विशेष योगदान रहा।

# रायकेरा में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।







घरघोड़ा विकास खण्ड अंतर्गत रायकेरा में कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम संकुल स्तरीय कार्यक्रम रायकेरा में संपन्न हुआ। कबाड़ से जुगाड़ यानि कि अनुपयोगी वस्तुओं को लेकर विज्ञान व गणित के सहायक शिक्षण सामग्री बनाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया संकुल रायकेरा के सभी प्रधान पाठक व शिक्षकों ने अपने अपने स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर ऐसे माडल बना कर अपने स्कूल में प्रदर्शन किया। और अब वर्तमान में बच्चों द्वारा कबाड़ सामानों को लेकर ऐसे माडल बनाकर संकुल में दिखाया गया जिसमे सभी स्कूलों के बच्चों द्वारा बेहतरीन माडल, टी एल एम बनाकर लाया बच्चे बहुत ही उत्साहित लग रहे थे आपको बता दें कि इससे बच्चों को सीखने का एक अच्छा मौका मिल रहा है जिन बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी है उनको देखकर अन्य बच्चे भी प्रेरित हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों के हाथों में कार्य करने की क्षमता का विकास हो रहा है उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है साथ में आत्मनिर्भरता जैसे गुणों का विकास हो रहा है। उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। टीएलएम बनाकर बच्चों के समक्ष उसे रखकर पढ़ाने से बच्चे उसे बेहतर समझते हैं कम समय में अधिक ज्ञान दिया जाता है। इससे समय की बचत व शिक्षक का बोझ कम होने के साथ साथ उनकी शिक्षण क्षमता व दक्षता बढ़ती है टीएलएम से बच्चों को समझाने में आसानी होती है। इससे शिक्षण कार्य सरल हो जाता है।

# हरदीबाजार व पाली के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

### अभ्यर्थी 25 सितंबर तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना हरदीबाजार एवं पाली के विभिन्न आंगनबाड़ीयों में कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना हरदीबाजार के आंगनबाड़ी केंद्र खलारीपारा में मिनी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केंद्र बनखेतापारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं छुईहापारा, अमलीपारा में सहायिकाओं के रिक्त पद में नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली के आंगनबाड़ी केंद्र आवासपारा, मुढ़ाली, झोरकीपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साजापारा, मरईखोली, शंकरनार, दादर, छपराहीपारा, खैराबहार, नगोई, रतखण्डी, काचरमार, कोइलाभट्ठा, सरस्वतीपारा, सगुना, लीमपानी, गोड़पारा, जमनीपारा में सहायिकाओं के पद हेतु आवेदन मंगाया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ने बताया कि उपरोक्त आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों में भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा सत्यापन कर अनंतिम सूची तैयार की गई है।

# सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने वालों पर आजीवन संवैधानिक पदों पर जाने से लगनी चाहिए रोक - धर्म गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धर्म गुरु देवकीनंदन ने सनातन पर विवादित टिप्पणी देने वाले राजनेताओं पर दिया बड़ा बयान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनयी स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी देने के बाद सनातन धर्म को लेकर राजनेताओं में बयान बाजी का दौर जारी है इसी बीच कोरबा जिले के कटघोरा नगर के एक धार्मिक आयोजन में कथा वाचन करने पहुंचे प्रतिष्ठित धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरू देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी देने वाले राजनेताओं पर बड़ा बयान दिया है उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर उंगली उठाने वाले कुएं के मेंढक है इन्हें सनातन धर्म का पता नहीं यह सनातन धर्म के साथ-साथ संविधान का अपमान भी कर रहे हैं धर्मगुरु देवकीनंदन यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि ऐसे लोग एवं राजनेताओं को संवैधानिक पदों से हटा देना चाहिए और उनके संवैधानिक पदों पर जाने से आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए ताकि वह कभी संवैधानिक पद पर दोबारा ना बैठ पाए।

# विश्व निर्माता हैं भगवान विश्वकर्मा-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



दुनियां का सबसे पहला इंजीनियर, देवशिल्पी, वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा जयंती के मौके पर आज देश भर में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। कहा जाता है कि इन्होंने ब्रह्माजी के साथ मिलकर इस सृष्टि का निर्माण किया था। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि श्रमिक समुदाय से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन बेहद खास होता है। आज के दिन उद्योगों, कंपनियों, दुकानों एवं घरो में मशीनों, औजारों, अस्त्र-शस्त्र सहित विश्वकर्मा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। सनातन धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने देवी-देवताओं के लिये ना सिर्फ भवनों का निर्माण किया बल्कि समय.समय पर अस्त्र शस्त्रों का भी सृजन किया था। यही वजह है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सभी औजारों या उपकरण पर विश्वकर्मा का प्रभाव माना जाता है। इस दिन कारोबारी और व्यवसायी लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा करें तो व्यापार में तरक्की मिलती है और भगवान मशीनों पर अपनी कृपा बनाये रखते हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से व्यक्ति की शिल्पकला का विकास होता है। जिससे व्यक्ति को अपने काम में सफलता हासिल होती है। कलयुग में भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर व्यक्ति के लिये जरूरी और लाभप्रद बतायी गयी है। कलयुग का संबंध कलपुर्जों से माना जाता है और आज के युग में कलपुर्जे का प्रयोग हर शख्स कर रहा है। लैपटॉप, मोबाइल फोन और टैबलेट भी एक प्रकार की मशीन हैं और इनके बिना आज के युग में रह पाना बहुत मुश्किल है। इसलिये भगवान विश्वकर्मा की पूजा करना हम सबके लिये बेहद शुभ फलदाई मानी जा रही है। विश्वकर्माजी का जन्म कब हुआ,कैसे हुआ इस बात को लेकर अलग-अलग कथायें और तथ्य हैं। वराह पुराण के अनुसार सब लोगों के उपकारार्थ ब्रह्मा परमेश्वर ने बुद्धि से विचारक विश्वकर्मा को पृथ्वी पर उत्पन्न किया था। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी कर्म सृजनात्मक है और जिन कर्मों से जीव का जीवन संचालित होता है,उन सभी के मूल में विश्वकर्मा हैं। अत: उनका पूजन जहां प्रत्येक व्यक्ति को प्राकृतिक ऊर्जा देता है। विश्वकर्मा को देवशिल्पी कहा जाता है उन्होंने सतयुग में स्वर्गलोक, त्रेतायुग में सोने की लंका, द्वापर में द्वारिका और कलियुग में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की विशाल मूर्तियों का निर्माण करने के साथ ही यमपुरी, वरुणपुरी, पांडवपुरी, कुबेरपुरी शिवमंडलपुरी तथा सुदामापुरी, हस्तिनापुर, पुष्पक विमान के साथ-साथ भगवान विष्णु के लिये सुदर्शन चक्र भगवान शिव के लिये त्रिशूल और यमराज का कालदंड और सोने की लंका का निर्माण किया। पुराणों में जिक्र है कि भगवान शिव ने माता पार्वती के लिये एक महल का निर्माण करने के बार में सोचा और इसकी जिम्मेदारी भगवान विश्वकर्मा को सौंपी, तब उन्होंने सोने का महल बना दिया। इस महल की पूजा के लिये रावण को बुलाया गया। लेकिन रावण महल को देखकर इतना मंत्रमुग्ध हो गया कि उसने दक्षिणा के रूप में महल को ही मांग लिया।

भगवान शिव उस महल को रावण को सौंपकर खुद कैलाश पर्वत चले गये।महर्षि दधीचि द्वारा दी गई उनकी हड्डियों से ही विश्वकर्माजी ने बज्रका निर्माण किया। जो कि देवताओं के राजा इंद्र का प्रमुख हथियार है। ऋग्वेद में ग्यारह ऋचाओं में इनके महत्व का वर्णन किया गया है। एक अन्य कथा के अनुसार संसार की रचना के शुरुआत में भगवान विष्णु क्षीरसागर में प्रकट हुये। विष्णुजी के नाभि कमल से ब्रहाजी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्माजी के पुत्र का नाम धर्म रखा गया। धर्म का विवाह संस्कार वस्तु नामक स्त्री से हुआ। धर्म और वस्तु के सात पुत्र हुय, उनके सातवें पुत्र का नाम वास्तु रखा गया। वास्तु शिल्पशास्त्र में निपुण था, वास्तु के पुत्र का नाम विश्वकर्मा था। वास्तुशास्त्र में महारथ होने के कारण विश्वकर्मा को वास्तुशास्त्र का जनक कहा गया। इस तरह भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ, जो अपने माता-पिता की भांति महान शिल्पकार हुये। विश्वकर्माजी ने ही धरती, आकाश, जल सहित पूरे ब्रह्मांड की रचना की। विश्वकर्मा के पांच महान पुत्ररू विश्वकर्मा के उनके मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी एवं दैवज्ञ नामक पांच पुत्र थे। ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में पारंगत थे। मनु को लोहे में, मय को लकड़ी में,त्वष्टा को कांसे एवं तांबे में शिल्पी को ईंट और दैवज्ञ को सोने-चांदी में महारात हासिल थी।

# भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पश्चिम बंगाल विधायक विवेकानंद बौरी पहुंचे कापू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भारतीय जनता पार्टी ने धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिसके बाद से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल से भाजपा विधायक विवेकानंद बौरी को धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए भेजा है।



विधायक बौरी पिछले कुछ दिनों से धरमजयगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में दौरा कर आमजनों से भेंट मुलाकात कर भाजपा के लिए समर्थन मांग रहे हैं। विधायक बौरी 16 सितंबर को कापू मंडल पहुंचे। जहां कदम चौक में वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी अगवानी की गई। दिन भर कापू मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र में प्रवास किए। लिसि में वरिष्ठ कार्यकर्ता चरण साहू, अमरजीत भगत से मुलाकात एवं चर्चाकर तालगांव पहुंचे। जहां आम जनता को संबंधित करते हुए बताया की भारतीय जनता पार्टी आदिवासीयों को बहुत प्यार, सम्मान करती है। इसलिए आदिवासी महिला महामहिम द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया।

जबकि कांग्रेस की सरकार उसका पुरजोर विरोध कर रही थी। कांग्रेस सरकार सनातनी को हटाने की बात करती है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया को कमल छाप में व्होट देकर विजयी बनाएं और राज्य में भाजपा की सरकार लाएं। इसके पश्चात कुमरता में किसान एवं आम मतदाताओं से मिलकर भाजपा सरकार को लाने की बात कही। गहिरा गुरु संस्था के पूर्व सचिव कार्तिक राम सिदार के यहां भोजन करने के बाद गितकालो के लिए रवाना हुए। जहां सभा को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है।

शराब घोटाला, गोबर घोटाला, कोयला घोटाला,करने वाली सरकार है विकास के लिए भाजपा की सरकार को कमल छाप में मतदान कर विजयी बनाएं। धर्मजयगढ़ विधानसभा से हरिश्चंद्र बैरागी में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के राज्य में अस्पताल की खस्ता हाल है। सड़क की हालत बहुत खराब है। किसी गर्भवती महिला, पीड़ित लोगों को अस्पताल पहुंचाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर रायपुर अस्पताल लेकर जाना पड़े तो मरिज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। ऐसी दशा में कांग्रेस की इस भ्रष्ट सरकार को बदलने की जरूरत है। और विधानसभा में राज्य में कमल छाप को जिताने की जरूरत है। आप सब जी जान मेहनत कर कमल छाप के विधायक प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया को जीतने के लिए निवेदन करने मैं पश्चिम बंगाल से आप सबके बीच में आया हूं। एक बार भाजपा की सरकार बनाइए और इस घोटाले वाली कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकिए। इस प्रचार कार्यक्रम विधायक बौरी के साथ क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम का जनसंपर्क

**नगरी** । भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के साथ में विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पुलवाड़ी की विधायक श्रीमती शिखा चटर्जी सिहावा विधानसभा में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। गांव में उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। पूर्व में विधायक रहे श्रवण मरकाम की छवि जनता के बीच बहुत अच्छी बनी हुई है। जिसके परिणाम उन्हें बहुत अच्छा सफलता मिल रही है। दिनकरपुर मनईकेरा में अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मांडवी के नेतृत्व में एवं जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, शत्रुघ्न साहू के नेतृत्व में बोईरगांव, मोहेरा, घिरकुड़िया, गिरोलाडीही आदि गांव में जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू, आई टी सेल प्रभारी दिव्येन्द्र परिहार, डिहूराम साहू, मिलन नेताम, नारायण साहू, सोमेश्वर सिन्हा, जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, धरम बिसेन, भरत पटेल,सौरभ नाग, चित्रसेन प्रजापति साथ में रहे।

### ई जिला प्रबंधक, ईडीएम पद के लिए दावा आपत्ती 18 तक आमंत्रित

**मोहला** । कार्यालय कलेक्टर के लिए ई जिला प्रबंधक ईडीएम पद हेतु जारी विज्ञापन पर निर्धारित तिथि 15 सितंबर तक 73 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। जारी सूची के संबंध में पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति 18 सितंबर कार्यालयीन समय शाम 5:00 बजे तक आमंत्रित किया गया है। दावा आपत्ति उपरांत 20 सितंबर को प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। दावा आपत्ति केवल ईमेल के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। उक्त पद हेतु 73 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें निर्धारित पात्रता अनुसार 11 अभ्यर्थी पात्र एवं 62 अभ्यर्थी अपात्र पाए गए हैं। उक्त सूची के संबंध में जिस किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो वे निर्धारित तिथि 18 सितंबर शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन ईमेल के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते हैं।

### राजनांदगांव स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 से 2 अक्टूबर तक

#### कचरा मुक्त भारत थीम पर हो रहे विभिन्न आयोजन

**राजनांदगांव** । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के थीम कचरा मुक्त भारत के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए 3 माह तक लगातार प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, पर्यटन स्थल, पार्क, धार्मिक स्थल, प्रसिद्ध स्थल, नदी के किनारे, घाट, नालियों व नाले में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जमा लीगेसी वेस्ट की सफाई की जा रही है। सभी स्वच्छता परिसंपत्तियों का सुधार, पेंटिंग, सफाई व ब्रांडिंग भी हो रही है। सभी शहर व ग्राम के मार्केट प्लेस, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल पर स्वच्छ भारत मिशन की पेंटिंग व डस्टबिन की उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रन का आयोजन हो रहा है।

# छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़िया हक अधिकार छत्तीसगढ़िया राज की बात करते हुए लगातार लड़ाई लड़ रही



जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में संपूर्ण छत्तीसगढ़िया राज ग्राम के पंच से लेकर मुख्यमंत्री तक संपूर्ण छत्तीसगढ़िया करण करने हेतु पूरा प्रदेश में क्रान्ति सेना ने अपने चुनाव प्रभारी हर जिले में भेज दिए है जो गांव गांव जाकर छत्तीसगढ़िया सामाज को जागरूक कर रहे हैं। इसी बीच रायगढ़ जिले में संगठन के जिला संयोजक बिलासपुर ठाकुर शैलु छत्तीसगढिया को चुनाव प्रभारी रायगढ़ का प्रभार दिया गया है जो रायगढ़ जिले के सभी विधानसभा के गांव-गांव जाकर छत्तीसगढ़िया सामाज के लोगों से मिल रहे हैं उनकी राय सुमारी ले रहे हैं इसी क्रम में आज विधानसभा रायगढ़ के ग्राम पंचायत. भटली, कोकडीतराई, कबगरडोला, साहू नगर रायगढ़ गांव का दौरा किया। छत्तीसगढ़िया लोग भी अब भाजपा और कांग्रेस की गंदी राजनीति से त्रस्त हो गए जो दिल्ली से चलती है। अब छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया लोग क्षेत्रीय दल की मांग कर रहे हैं। जो छत्तीसगढ़ का फैसला छत्तीसगढ़ में हो चाहते हैं। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के छत्तीसगढ़ियावाद को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़िया लोग छत्तीसगढ़िया वादी चेहरा ही देखना चाहते हैं।

# करियर ग्रुप ऑफ कॉलेज के नर्सिंग स्टूडेंट को दी गई साइबर फ्रॉड की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




जिला पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर साइबर सेल की टीम स्टाफ सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जनचेतना अभियान के तहत शिक्षण संस्थान, उद्योग, गांवों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साइबर सेल की टीम स्कूलों, कॉलेज में छात्र-छात्राओं को फ ायनेसियल फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया के फ्रॉड से मोटिवेट कर रही है जिससे वे ऐसे क्राइम से सजग रहे। इसी क्रम में आज साइबर सेल रायगढ़ की टीम करियर ग्रुप ऑफ कॉलेज रायगढ़ जाकर नर्सिंग स्टूडेंट्स व कॉलेज स्टाफ को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर रुब्लइमत से संबंधित होने वाली अपराधों से सतर्क किया। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह ने वर्तमान में हो रहे फाइनेंशियल फ्रॉड और सेक्सटार्शन के संबंध में विस्तार में बताया गया। उन्होंने फाइनेंशियल फ्रॉड से बचने . अपना ओटीपी किसी से साझा ना करने, किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक करने से बचनेए लुभावने ऑफर के लालच में ना आने, अपने निजी डिटेल अंजान एप्प लोड करने से बचने तथा फाइनेंशियल फ्रॉड होने पर तत्काल बैंक पुलिस में संपर्क करने कहा गया और यह भी बताया गया कि होल्ड किया गया रूपये उन्हें किस तरह प्राप्त होंगा । सेक्सटार्शन के संबंध में जानकारी देते हुये साइबर सेल स्टाफ ने बताया कि ये एक नया तरीका का स्कैम है जिसमे किसी अनजान नंबर से स्कैमर्स द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है जिसमें एडिटिंग कर इसी वीडियो को वायरल कर देने की धमकी दे कर स्कैमर पैसे की डिमांड करते हैं। टीम ने छात्रों को सेक्सटार्शन से बचने के उपाए बताये गये साथ ही उन्हें सोशल मीडिया पर वीडियो फ ोटो अपलोड करते समय सावधानी बरतने कहा गया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में जानकारी दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेणु सिंह, आरक्षक सुरेश सिदार, महिला आरक्षक मेनका चौहान मौजूद रहे।

# कसडोल विधानसभा में सतनामी समाज से विधायक बनाने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव इसी साल होने वाले हैं और सभी जाति और सभी वर्ग चाहते हैं उनके समाज के व्यक्ति को इस बार कसडोल विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा जाए। जिसमे प्रमुख रूप से सतनामी समुदाय के लोग लवन में बैठक आयोजित कर अपने समाज से विधायक कैंडिडेट की मांग क़र रहें है । सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा की विधानसभा कसडोल में उनके समाज की सर्वाधिक मतदाता है जो कि अकेले विधायक बनाने का दमखम रखता है बावजूद बीजेपी कांग्रेस द्वारा उनकी उपेक्षा की जाती है। जिससे सतनामी समाज में भारी रोष है। अगर इस बार भी कांग्रेस और बीजेपी कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया तो सतनामी समाज कड़ा रुख अपनाएगा। समाज प्रमुख गिरीश मधुकर ने बताया की कसडोल विधानसभा में एक लाख से अधिक सतनामी मतदाता है। सबसे ज्यादा सतनामी मतदाता होने के कारण इस बार सतनामियों की प्रबल दावेदारी बनती है। जिसकी उपेक्षा करना राजनीतिक दलों को भारी पड़ सकता है। मैनेजर डहरिया ने कहा कि सतनामी समाज को कमजोर करने के लिए पलारी विधानसभा खत्म करके कुछ क्षेत्र बलौदाबाजार व कसडोल को जोड़कर सतनामी समाज की सुरक्षित सीट को षड्यंत्रपुर्वक खतम करते हुए गया है कसडोल विधानसभा बना दी और उसे सामान्य सीट घोषित कर दिया गया। कसडोल विधानसभा में पूर्व से लेकर अभी तक सबसे ज्यादा संख्या सतनामी मतदाता की है। चुकी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव कुछ महीनों के बाद ही होने वाले है। चुनाव से संबंधित चाहे जिला प्रशासन हो पुलिस हो या राजनीतिक पार्टियां सभी चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कसडोल विधानसभा में सतनामी समुदाय के विभिन्न संगठन व अनेकों पार्टियों में जुड़े सतनामी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर अपने समाज से ही कसडोल विधायक बनाने पर जोर दे रहें है जिससे समाज को दरकिनार करने वाली राष्ट्रीय पार्टियों में हड़कंप मचा हुआ है। बहरहाल बीजेपी.कांग्रेस से कसडोल विधानसभा में सतनामी समुदाय से टिकट क्लियर करने की मांग की जा रही है।




यदि फिर भी राष्ट्रीय पार्टी उन्हें टिकट नहीं देती तो फिर अन्य पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी पर विचार करने की बात कही जा रही है। पुरे विधानसभा क्षेत्र के सतनामी समाज इस बार दृढ़ संकल्प लेकर सतनामी विधायक बनाने की जिद पर अड़ गया है। ग्रामीण एवं शहरी सभी क्षेत्रों में समाज की विधायक बनाने की मांग व चर्चा जोरो शोरो से चल रही है।

# हाथियों से फसल की रखवाली करने मेड़ में सोये नवयुवक की सांप काटने से हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



बीती रात एक नवयुवक की विषैले सांप के डसने से मौत हो गई है। दरसल यह दु:खद खबर धरमजयगढ़ क्षेत्र के क्रोन्धा गांव से है जहां बताया जा रहा है हथियों से फसल की रखवाली के दौरान एक नवयुवक को रेंगती मौत ने अपने आगोस में लिया। परिजनों के मुताबिक 18 वर्षीय नवयुवक अमरसाय अपने पिता जीवन साय और छोटे भाई करम साय के साथ क्रोन्धा के कोढा झोरखी नामक जगह पर फसल की रखवाली के लिए खेत के मेड़ में सोए हुए थे। उसी दौरान अमर साय को किसी अज्ञात जहरीला सांप ने पैर को काट लिया जिसकी जानकारी उसे नहीं हुई। परिजनों के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे अमर साय जब बताया की उसके सीने में असहनीय दर्द हो रहा है तब उन्हें किसी अनहोनी की शंका हुई उसके मुंह में झाग भी था साथ ही पैर में सांप के दांत का निशान दिख रहा था उसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए धरमजयगढ़ हॉस्पिटल लाया गया लेकिन काफ ी देर हो चुकी थी अमरसाय की सांसे थम गई थी हॉस्पिटल में मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल अस्पताल की तहरीर पर पुलिस द्वारा आगे की आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

# अधिवक्ता राजासिंह एवं देवेंद्र मिश्रा ने थामा कांग्रेस का दामन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है। जिससे सभी पार्टियों में दामन थामने, छोड़ने का सिलसिला चल रहा है। सभी पार्टियां अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी हुई हैं। धरमजयगढ़ में भी दो अधिवक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है।

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय चनेशराम राठिया के पुण्यतिथि पर वृंदावन छाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक लालजीतसिंह राठिया ने अधिवक्ता द्वय राजासिंह एवं देवेंद्र मिश्रा को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पार्षद गगनदीप सिंह कोमल के नेतृत्व में कार्यक्रम में पहुंचे दोनों अधिवक्ता को सदस्यता दिलाई गई। वहीं कांग्रेस पार्टी से जुड़े अधिवक्ता एसबी डे, हुरदानंद यादव, प्रतीक चावड़ा, अवधेश कुमार सिंह का विधायक द्वारा पुष्प गुच्छ एवं गमछा देकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# धरमजयगढ़ नगरीय क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए मोदी की सभा में

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा इस बार सरकार में आने पुरजोर मेहनत कर रही है। राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं का लगातार दौरा हो रहा है।

वहीं 14 अगस्त को रायगढ़ में विशाल आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे। भाजपा इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी थी। इस सभा के लिए धरमजयगढ़ नगरीय क्षेत्र की जिम्मेदारी नगर पंचायत धरमजयगढ़ के पूर्व अध्यक्ष महेश चैनानी को सौंपी गई थी। जिनके नेतृत्व में इस क्षेत्र से सैकड़ों लोग मोदी के विजय शंखनाद रैली में शामिल हुए थे। बता दें कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा ने हरिशचंद्र राठिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिसके कारण कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क में भी जहां आम मतदाता जुड़ रहे हैं कार्यकर्ता भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in